CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 256 | राजनांदगांव, सोमवार 03 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## भारत में ड्रग्स सप्लाई आतंकी साजिश का हिस्सा, Gen-Z को मोदी ने दिया नशे से दूर रहने का मंत्र

नई दिल्ली (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 100-सप्ताह चलने वाले राष्ट्रव्यापी 'नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ किया। देशभर के 10 हजार से अधिक स्थानों से जुड़े एक करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आह्वान किया कि विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की 'अमृत पीढ़ी' का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ, आत्मविश्वास से भरपूर और नशामुक्त रहना बेहद जरूरी है।

### काशी का विचार अब बना राष्ट्रीय जन-आंदोलन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते उन्हें खुशी है कि इस अभियान का पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल काशी की पवित्र धरती से शुरू हुआ था। काशी डिक्लेरेशन के जरिए देश के 125 से अधिक आध्यात्मिक-सामाजिक संगठनों और एनजीओ ने इसका रोडमैप तैयार किया, जो अब एक विशाल राष्ट्रीय परियोजना का रूप ले चुका है। पीएम मोदी ने बताया कि यह संकल्प अगले 100 हफ्तों तक लगातार जारी रहेगा। हर रविवार को कला, खेल,



प्रधानमंत्री ने लॉन्च किया नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान, अगले 100 रविवार तक चलेगा 100-सप्ताह का जन-आंदोलन

मेडिटेशन, योग, संस्कृति और समाज सेवा से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। ये 100 रविवार नशा मुक्त भारत के निर्माण में 100 मजबूत कदम साबित होंगे।

नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुश्मन देश साजिश के तहत भारतीय युवाओं को नशे के जाल में ढकेलने की कोशिश कर रहे हैं। ड्रग्स सप्लाई से कमाई करना और भारत को कमजोर करना आतंकी साजिश का हिस्सा भी हो सकता है। हालांकि, केंद्र सरकार नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई कर रही है। पहले की तुलना में कई गुना अधिक गिरफ्तारियां हुई हैं और हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है।

### परिवार न छिपाएं समस्या, संवाद की बनाएं संस्कृति

पीएम मोदी ने परिवारों से अपील की कि सामाजिक प्रतिष्ठा या लोक-लाज के डर से बच्चे की नशे की लत को छिपाएं नहीं, बल्कि विशेषज्ञों और मेडिकल हेल्प (रिहैबिलिटेशन सेंटर) की मदद लें। उन्होंने परिजनों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि बच्चों के व्यवहार में बदलाव, अकेला रहना या बिना वजह पैसे मांगने जैसे संकेतों पर ध्यान दें और घर में खुलकर संवाद की संस्कृति बनाएं।

### जो नशे से लड़कर बाहर आए, वे असली योद्धा

प्रधानमंत्री ने समाज का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जो युवा नशे से जंग जीतकर बाहर निकलते हैं, वे कमजोर नहीं बल्कि असली योद्धा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में पप्पू यादव पर चाकू से हमला, बोले- मेरी हत्या की साजिश थी

नई दिल्ली। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ऊर्फ राजेश रंजन पर एक व्यक्ति ने कथित रूप से चाकू से हमला किया है. हमला के वक्त वह अपने घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे. तभी एक व्यक्ति वहां पहुंचा और कथित तौर पर सांसद पर हमला करने की कोशिश की. पप्पू यादव के समर्थकों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी. सांसद पप्पू यादव ने दावा किया कि वह व्यक्ति चाकू लेकर आया था और उनकी हत्या की साजिश रची गई थी. उन्होंने बताया कि पहले भी उन्हें धमकियां मिल रही थीं. उन्होंने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना में चाकू बरामद होने की खबर है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है.



समर्थकों ने हमलावर को पकड़ने के बाद जमकर पीटा


इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा- मेरे घर में कोई कैसे घुस गया हमला करने? वह व्यक्ति चाकू लेकर मुझे मारने आया था. मैं कई एफआईआर पहले ही दर्ज करा चुका हूं. मेरा वकील भी यहां है. मैं डरने वाला नहीं हूं. अगर कोई मुझे मारना चाहता है तो मार ले. कुछ बाबा रोज धमकी दे रहे थे कि मुझे मार दो, जला दो. मेरी हत्या की साजिश रची गई थी, लेकिन मैं बच गया. सांसद ने सवाल उठाया कि कोई कैसे उनके घर में घुसकर हमला कर सकता है. उनके साथ मौजूद उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि हमलावर हमला कर रहा था, फिर भी दिल्ली पुलिस उसे बचाने में लगी हुई थी.

### संसद के 'स्वांग' से जुड़ा है विवाद

दरअसल, इस हमले के पीछे का कारण संसद भवन परिसर में हुआ एक हालिया विवादित प्रदर्शन माना जा रहा है. कुछ ही दिन पहले, मानसून सत्र के दौरान सांसद पप्पू यादव ने विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर अयोध्या राम मंदिर में हुए कथित चढ़ावा चोरी के विरोध में संसद के मकर द्वार के बाहर एक प्रतीकात्मक नाटक (स्वांग) रचा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बाबा बागेश्वर पर करोड़ों की जमीन औने-पौने पर लेने का आरोप

छतरपुर। बागेश्वर धाम के गढ़ा और आसपास के गांवों में स्थानीय लोगों और किसानों द्वारा जमीन पर कब्जा करने, औने-पौने दामों पर जमीन खरीदने, तथा तालाब और श्मशान जैसी सार्वजनिक जमीनों पर निर्माण कराने के आरोप समय-समय पर सामने आए हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर) और उनके सहयोगियों या परिवार के सदस्यों पर स्थानीय स्तर पर प्रभाव डालकर जमीन हथियाने के विवादित मामले मीडिया रिपोर्ट्स में उठाए गए हैं।



### स्थानीय ग्रामीणों के आरोप

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले स्थित गढ़ा गांव और कोड़ा गांव के कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि धाम के विस्तार और व्यावसायिक उपयोग (जैसे दुकानों का निर्माण) के चलते स्थानीय लोगों की जमीन पर दबाव बनाया जा रहा है।

### भाई पर गोलीबारी और कब्जा विवाद

बाबा बागेश्वर के छोटे भाई शालिग्राम गर्ग पर जमीन विवाद के चलते एक स्थानीय किसान (मोतीलाल कुशवाहा) के घर पर बलवा करने, जमीन पर दबाव बनाने और फायरिंग करने का गंभीर आरोप लगा है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

### सार्वजनिक भूमि पर निर्माण

स्थानीय रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि मंदिर के आसपास के विकास और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए कथित तौर पर तालाब और श्मशान जैसी जगहों की जमीनों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नई उड़ान, पुणे रोड शो से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी पहचान, निवेश और रोजगार के नए अवसर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य को देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने उद्योग संगठन फिक्की के सहयोग से महाराष्ट्र के पुणे में भव्य पर्यटन रोड शो आयोजित किया। इस आयोजन में राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, वन्यजीव, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को देशभर के पर्यटन उद्योग के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित यह रोड शो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजार में छत्तीसगढ़ की मजबूत पहचान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की 'विकसित छत्तीसगढ़' की परिकल्पना के अनुरूप राज्य सरकार पर्यटन को केवल घूमने-फिरने तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, स्थानीय व्यवसाय और सांस्कृतिक संरक्षण का मजबूत माध्यम बनाने पर काम कर रही है। इसी उद्देश्य से पर्यटन विभाग देश के प्रमुख शहरों में रोड शो आयोजित कर निवेशकों, टूर ऑपरेटरों और ट्रैवल एजेंसियों को छत्तीसगढ़ से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

### महाराष्ट्र के पर्यटन उद्योग से मजबूत हुई साझेदारी

पुणे रोड शो में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट, होटल व्यवसायी और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बी-टू-बी बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों राज्यों के पर्यटन उद्योग के बीच नए टूर पैकेज, निवेश, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल : भारत 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर

ग्लासगो। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदकों सहित कुल 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय मुक्केबाज जैस्मीन लैंबोरिया, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास, अरुंधति चौधरी, सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में शानदार जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीते। हालांकि भारत की लवलीना बोरगोहेन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच ने भी पुरुष 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में नामीबिया के ट्रायगेन मॉर्निंग न्डेवेलो को हराकर स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स में पांच हजार मीटर में भारतीय धावक गुलवीर ने कांस्य पदक जीता। आज रात ही नरेंद्र बेरवाल पुरुष 90 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में इंग्लैंड के दमार थॉमस से मुकाबला करेंगे।



भारत ने पैरा एथलेटिक्स में भी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और पुरुषों के शॉट पुट F57 वर्ग में सोमन राणा ने स्वर्ण पदक जीता और हांलाकि शुभम जुयाल को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अन्य एथलेटिक्स स्पर्धाओं में ट्रिपल जम्पर प्रवीण चित्रवेल ने रजत पदक और सेल्वा प्रभु ने कांस्य पदक जीता। जूडो मैट पर, उन्नति शर्मा ने न्यूजीलैंड की कोना क्रिस्टी को हराकर महिला 63 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। करणजीत सिंह मान ने न्यूजीलैंड के इलियट कॉनॉली को तीन मिनट 29 सेकंड में इप्पोन से हराकर पुरुष 90 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## नीट टॉपर्स से बोले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय- अच्छे डॉक्टर ही नहीं, संवेदनशील इंसान भी बनें; विकसित छग का विजन किया साझा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीट-2026 में सफल प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें संवेदनशील डॉक्टर बनने की सीख दी। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और विकसित छत्तीसगढ़ के विजन पर सरकार की योजनाओं की जानकारी भी साझा की।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रयास आवासीय विद्यालयों के नीट-2026 में सफल विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गरीब, आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों की सफलता पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को केवल सफल डॉक्टर बनने ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और सेवा भाव रखने वाला चिकित्सक बनने का संदेश दिया।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, पर्यटन, नशामुक्ति और विकसित छत्तीसगढ़ के विजन पर खुलकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुविधाएं बढ़ा रही है। प्रदेश में 17 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 34 नए नालंदा परिसर बनाए जा रहे हैं, जहां 24 घंटे अध्ययन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में मेडिकल शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। जहां राज्य गठन के समय केवल एक मेडिकल कॉलेज था। वहीं अब 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और पांच नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे एमबीबीएस की 250 अतिरिक्त सीटें बढ़ेंगी। विद्यार्थियों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, बेहतर अधोसंरचना और नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान का उल्लेख करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और संस्कारित युवा ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के 1.5 लाख शिक्षकों को झटका, 1 जुलाई 2018 से ही होगी पेंशन और सेवा लाभों की गणना, विभाग ने निरस्त किए दावे

रायपुर। प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षक (एलबी) संवर्ग के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पेंशन और अन्य सेवा लाभों को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि शिक्षक (एलबी) की पेंशन सहित सभी सेवा संबंधी लाभों की गणना केवल एक जुलाई 2018 से होगी।

### हाईकोर्ट के निर्देश पर लिया गया फैसला

संविलियन से पहले पंचायत और नगरीय निकाय में दी गई सेवाओं को शासकीय सेवा का हिस्सा मानकर लाभ देने का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय बिलासपुर हाई कोर्ट के निर्देश पर याचिकाकर्ता शिक्षकों के अभ्यावेदन पर विचार के बाद लिया गया है। शिक्षकों ने मांग की थी कि पेंशन और अन्य स्वत्वों के लिए उनकी सेवा की गणना पहली नियुक्ति तिथि से की जाए। हालांकि विभाग ने कहा कि संविलियन से पहले शिक्षक पंचायत एवं नगरीय निकाय के अधीन कार्यरत थे, इसलिए वे शासकीय सेवक की श्रेणी में नहीं आते थे। विभाग ने अपने आदेश में 30 जून 2018 के संविलियन आदेश का हवाला देते हुए दोहराया है कि सभी सेवा लाभों की गणना एक जुलाई 2018 से ही होगी और इससे पूर्व की अवधि के लिए किसी प्रकार का एरियर या पेंशन संबंधी लाभ देय नहीं होगा। इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं के सभी दावों को निरस्त कर दिया है।

## आत्मघाती हमला : खैबर पख्तूनख्वा में धमाका, 9 की मौत, 20 घायल; पुलिसकर्मी थे निशाने पर

खैबर पख्तूनख्वा। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक शांति रैली के दौरान हुए संदिग्ध आत्मघाती धमाके में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हमले का निशाना पाकिस्तानी पुलिसकर्मी थे, जो रैली की सुरक्षा में तैनात थे। सोशल मीडिया पर घटना के कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी और लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागते देखा जा सकता है।टीवी और वीडियो डिवाइस



### स्वात जिले में चल रही थी शांति रैली

समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, यह विस्फोट स्वात जिले के एक कस्बे में उस समय हुआ, जब स्थानीय आदिवासी परिषद स्वात अमन जिरगा की ओर से शांति रैली निकाली जा रही थी। रैली में शामिल लोग इलाके में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। उनके हाथों में शांति की अपील वाले पोस्टर और बैनर थे तथा वे आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

### आत्मघाती हमले की आशंका, आधिकारिक पुष्टि बाकी

प्रारंभिक जांच में अधिकारियों को यह आत्मघाती हमला प्रतीत हो रहा है, हालांकि पाकिस्तानी प्रशासन ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सुरक्षा एजेंसियां घटनास्थल से सबूत जुटाने में लगी हैं और विस्फोट के कारणों की जांच कर रही हैं।

### पुलिसकर्मी थे निशाने पर

रिपोर्ट के मुताबिक, धमाके का मुख्य निशाना पाकिस्तानी पुलिसकर्मी थे, जो रैली की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास मौजूद कई लोग इसकी चपेट में आ गए। धमाके के तुरंत बाद बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पतालों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीओके में बवाल के बीच पाक गृहमंत्री का विवादित बयान, प्रदर्शनकारियों को बताया 'कॉकरोच'

नई दिल्ली। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में जारी विरोध प्रदर्शनों और हिंसा के बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी के एक बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में जारी विरोध प्रदर्शनों और हिंसा के बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी के एक बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। वहीं, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने प्रदर्शनकारियों को भारत की तरह 'दुश्मन' बताते हुए उनसे बातचीत से इनकार कर दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, पीओके में लोग रोज़गार, महंगाई, बुनियादी सुविधाओं और स्थानीय चुनावों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। इस सप्ताह हुई हिंसा में कम से कम 40 प्रदर्शनकारियों की मौत होने का दावा किया गया है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा, 'आप मानें या न मानें, जिस व्यवस्था के तहत हम



जी रहे थे, वह ध्वस्त हो चुकी है।' इसके बाद उन्होंने 'जेनरेशन' का जिक्र करते हुए कहा, 'अगर ये कॉकरोच एकजुट हो जाएं, तो सब कुछ उलट-पुलट कर सकते हैं।' उनके इस बयान को लेकर सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान की लगभग 60 प्रतिशत आबादी 30 वर्ष से कम उम्र की है। इसी संदर्भ में नकवी ने युवाओं का उल्लेख किया, हालांकि उनके बयान की व्यापक आलोचना हो रही है।

### भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, रक्षा मंत्री द्वारा प्रदर्शनकारी नागरिकों को दुश्मन करार देना पाकिस्तान का पीओके के निर्दोष लोगों के प्रति गहरे तिरस्कार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि तथाकथित चुनाव पाकिस्तान की सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों की अपमानजनक अस्वीकृति का उदाहरण हैं। जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान की कार्रवाई की जांच करने और उसे कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराने की अपील की।

### हिंसा पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया सीमित

रिपोर्ट में कहा गया है कि पीओके में जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एनालॉग पनीर का प्रोडक्शन बंद : मक्खन-दही भी बैन, असली की कीमत बढ़ने के आसार

रायपुर। मिल्क पावडर और पाम ऑयल से बनने वाले एनालॉग पर प्रतिबंध का आर्डर आने से पहले ही फैक्ट्रयों में प्रोडक्शन बंद कर दिया गया था। शासन ने पनीर के अलावा इस तरीके से बनने वाले मक्खन और दही पर भी बैन किया है। नकली पनीर की बिक्री बंद होने के बाद असली की कीमत दोगुनी होने के आसार हैं। इधर आदेश का पालन कर भौतिक सत्यापन के लिए एफडीए की टीम निरीक्षण के लिए निकली।



संचालकों को चेताया गया है कि, नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार एनालॉग पनीर के साथ असली दुग्ध उत्पादों का भ्रम पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि आवश्यकता होने पर आदेश का एक्सटेंशन किया जाएगा। एनालॉग पनीर के अलावा डिमांड की वजह से मक्खन, क्रीम और दही का निर्माण भी मिल्क पावडर और पाम ऑयल से किया जाता है जिसके भी निर्माण और प्रतिबंध के दायरे में लाया गया है।

### एनालॉग पनीर के उत्पादन पर प्रतिबंध और खाद्य विभाग की कार्रवाई

एनालॉग पर प्रतिबंध की जानकारी पहले ही कारोबारियों तक पहुंच चुकी थी इसलिए पिछले तीन-चार दिनों से इन फैक्ट्रयों में उत्पादन बंद किया जा चुका है। रायपुर जिले समेत प्रदेश में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर एनालॉग पनीर का निर्माण किया जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश के पालन का भौतिक सत्यापन करें और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करें। माना जा रहा है कि एनालॉग पनीर सहित अन्य नकली दुग्ध उत्पादों का निर्माण बंद होने के बाद असली के दामों में आने वाले दिनों में बढ़ोतरी होने के आसार बन रहे हैं।


### चार फैक्ट्रियों में पहुंची टीम

रायपुर जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम शनिवार को भाठागांव के फर्म मेसर्स केएलपी, निमोरा स्थित एसजे डेयरी प्रोडक्ट्स, बीरगांव स्थित मेसर्स कांशी एग्रो एवं श्री सावरिया सेठ मिल्क प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया। जांच में सभी फर्मों में एनालॉग या अन्य कोई खाद्य पदार्थ का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### तेरहवां अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन हांगकांग में, डॉ. शंकर मुनि राय मुख्य वक्ता आमंत्रित



**राजनांदगांव (दावा)।** 'भाषा सहोदरी न्यास नई दिल्ली' के तत्वावधान में आयोजित 13वां अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन इस वर्ष हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को चीन के हांगकांग नगर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय समारोह में शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि संस्था द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार, हिंदी दिवस पर आयोजित होने वाले इस विशाल समारोह में भारत सहित विभिन्न देशों के हिंदी विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, शोधार्थी एवं हिंदी प्रेमी सहभागिता करेंगे।

दुनियाभर में हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से वर्ष 2012 में स्थापित 'भाषा सहोदरी न्यास, दिल्ली' का यह 13वां अधिवेशन है। संस्था की महासचिव अनामिका मिश्रा के अनुसार इस सम्मेलन का मुख्य ध्येय हिंदी भाषा, साहित्य एवं भारतीय संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करना है। इसके साथ ही भारत और हांगकांग के मध्य शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है। हांगकांग में होने वाले इस सम्मेलन में भारतीय दूतावास के अधिकारियों सहित चीन व हांगकांग में बसे प्रवासी भारतीय समुदाय के लोग और शिक्षाविद बड़ी संख्या में जुड़ेंगे। सम्मेलन के दौरान हिंदी के शिक्षा, साहित्य, मीडिया, अनुवाद, सूचना प्रौद्योगिकी तथा सांस्कृतिक कूटनीति के क्षेत्रों में विकास एवं विस्तार हेतु एक सशक्त अंतरराष्ट्रीय मंच तैयार किया जाएगा। जहाँ विद्वान सार्थक संवाद और विचार-विमर्श करेंगे। गौरतलब है कि संस्था द्वारा इससे पूर्व भारत के विभिन्न शहरों के अलावा मॉरीशस, दुबई, मलेशिया आदि देशों में 12 सफल अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किए जा चुके हैं।

### घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने वाले मां-बेटे गिरफ्तार



**राजनांदगांव** (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने क्षेत्र के एक घर में जबरन घुसकर अश्लील गाली-गलौज करने और स्टील पाइप दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया था।

घटना के संबंध में प्रार्थी तुलसी गौतम (पिता स्व. शिवचरण गौतम), निवासी ग्राम मोहड़ ने बसंतपुर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि बीते 30 जुलाई की रात्रि लगभग 10:30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था। उसी दौरान गांव का ही भूपेंद्र साहू (पिता जीवराखन साहू) अपनी माता के साथ पुरानी रंजिश को लेकर उनके घर में जबरन घुस आया। दोनों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए स्टील का पाइप दिखाया और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 357/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 333 एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र साहू एवं उसकी माता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके पश्चात पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### अशोक गौतम का निधन



**छुरिया (दावा)।** ग्राम (ब्राह्मणटोला) खोभा, तहसील छुरिया निवासी अशोक गौतम (मिश्रा) का 2 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। दिवंगत अशोक गौतम (मिश्रा), राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच के प्रदेश सचिव मिनेश मिश्रा एवं इन्द्रेश मिश्रा के पूज्य पिता थे। वे अपने पीछे पुत्र, पुत्री, पोती एवं परिजनों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज उनके गृहग्राम (ब्राह्मणटोला) खोभा में परिजनों, सगे-संबंधियों और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में संपन्न किया गया।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
03rd Aug To 6th Aug



Spider Man Brand New Day (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jaan Lebe Ka (CG) - 12:15 and 03:15 pm
Jan Neta - 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Dhamaal 4 - 12:00, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी धमाका
जान लेबे का
मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# शहर की सड़कों पर खड़े बेतरतीब वाहनों से आवागमन में परेशानी

### सर्विस लेन में अवैध पार्किंग से रोजाना लग रहा जाम, ट्रैफिक पुलिस की सुस्ती से राहगीर और व्यापारी परेशान

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर में यातायात व्यवस्था फिर से पटरी से उतरती नजर आ रही है। अखबारों में तत्संबंधित समाचार प्रकाशन के बाद ट्रैफिक पुलिस एक-दो दिनों के लिए अलर्ट हो जाती है और शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ दनादन कार्रवाई कर चूप हो जाती है। इसका नाजायज फायदा शहर में यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वाले वाहन चालक उठाते हैं और ट्रैफिक पुलिस की नजर उनकी ओर नहीं बनी हुई है समझकर व्यस्ततम मार्गों में अपनी गाड़ियों बेतरतीब ढंग से खड़ी कर यहां-वहां चले जाते हैं। इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है।



उपरोक्त दृश्य बाजार इलाके वाला जूनी हटरी सड़क का है। बीच सड़क में बेतरतीब खड़ी गाड़ियां आवाजाही के मार्ग में बाधा खड़ी कर रही है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं। इस अव्यवस्था की ओर न तो ट्रैफिक पुलिस का ध्यान जाता है और न पेट्रोलिंग करने वाले पुलिस गाड़ी की नजर रहती है। बता दें कि शहर के मुख्य मार्केट गोल बाजार, फल मार्केट से लेकर शनि मंदिर जाने वाला तिराहा, गुड़ाखू लाईन सहित कामठी लाईन, गंज लाइन में यह दृश्य आम है। बीच सड़क मे इस तरह वाहनों के खड़ी रहने से लोग ट्रैफिक व्यवस्था को कोसते हुए यातायात जांच में फंसकर छटपटाते रह जाते हैं।

#### सर्विस लेन में पार्किंग से लग रहा जाम

बता दें कि शहर में फ्लाई ओवर के नीचे हो या फिर बाजार क्षेत्र का सर्विस लेन। दो पहिया चार पहिया वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात खासा प्रभावित होते रहता है। सड़क का बड़ा हिस्सा वाहनु से घिर जाने के कारण दो पहिया और छोटे वाहनों को निकलने में परेशानी होती है। व्यस्त समय में तो यातायात जाम की स्थिति बन आती है। पोस्ट आफिस चौक से महावीर चौक तक फ्लाई ओवर के सर्विस लेन में खड़ी बेतरतीब गाड़ियों की ओर यातायात विभाग का ध्यान जाता ही नही। लोगो के चलने के लिए बनाए गए सर्विस लेन में दो पहिया वाहनों का कब्जा बना रहता है। जहां से दुपहिया वाहन वाले तो छोड़ पैदल? चलने वाले राहगीर भी नहीं निकल पाते। फ्लाई ओवर के नीचे चार पहिया वाहनों से लेकर मोटर सायकल मेकेनिक, हाटेल पान ठेला चलाने वालों का कब्जा है। जहां हमेशा लोगों की भीड़ बनी रहती है। ऐसे में वहां से गुजर पाना टेढ़ी खीर नजर आता है। शहर में जहां कहीं भी अपनी दो पहिया चार पहिया वाहन को खड़ी कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ यातायात विभाग द्वारा नियमित कार्यवाही कर सर्विस लेन को अतिक्रमण रहित और अवैध पार्किंग से मुक्त कराने की अपील की गई है।

## महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिन पर 1 से 25 अगस्त तक सेवा महोत्सव

**जन्मदिन को सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सरोकार से जोड़ने की अनूठी पहल : छात्र युवा मंच**



**राजनांदगांव (दावा)।** महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 1 अगस्त से 25 अगस्त तक भव्य 'सेवा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन्मदिन की खुशी को केवल पार्टी, ढाबा, रेस्टोरेंट या मनोरंजन तक सीमित न रखकर उसे जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और समाजहित के रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक (रक्तवीर) नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष अगेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष साहिल जंघेल एवं शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन ने बताया कि आज कई युवा आर्थिक या व्यक्तिगत कारणों से जन्मदिन नहीं मनाते, वहीं बहुत से युवा इसे केवल दिखावे और फिजूलखर्ची में बिता देते हैं। 'सेवा महोत्सव' के जरिए युवाओं को एक सकारात्मक और प्रेरणादायी जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।

सेवा महोत्सव के अंतर्गत शहर के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 11 से 22 अगस्त तक स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें विद्यार्थियों की सिकिल सेल, हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप की जांच की जाएगी, ताकि बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति समय पर जागरूकता लाई जा सके।

#### ग्रामीण अंचलों में पहुंचेगा अभियान, 23 को रक्तदान शिविर

अभियान को केवल शहर तक सीमित न रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भी विस्तार दिया गया है। 15 अगस्त को ग्राम विष्णुपुर (खुर्शीपार) में भागवत वर्मा और 25 अगस्त को ग्राम नागतराई (डोंगरगढ़) में झूलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में सेवा कार्य आयोजित होंगे। वहीं 23 अगस्त को सिविल लाइन स्थित महापौर कार्यालय परिसर में साहिल जंघेल व भव्य देवांगन के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर व विशेष सेवा कार्यक्रम रखा गया है।

आयोजकों ने बताया कि छात्र युवा मंच पिछले एक दशक से युवाओं को रक्तदान, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रहा है। सेवा महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं बल्कि सोच बदलने की एक मुहिम है। छात्र युवा मंच ने अगस्त माह में जन्मदिन मनाने वाले सभी नागरिकों और युवाओं से आह्वान किया है कि वे 'जन्मदिन मनाएं, लेकिन सेवा के साथ' का संकल्प लें और अपनी खुशी को समाज के जरूरतमंदों के साथ साझा करें।

## पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन के लिए ब्रह्माकुमारीज का राष्ट्रीय अभियान : आज पहुंचेगा राजनांदगांव

**नगर निगम, डेंटल कॉलेज, एबीस फैक्ट्री और कमल साल्वेंट में आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम**

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के साइंटिस्ट्स, इंजीनियर्स एवं आर्किटेक्ट्स प्रभाग द्वारा संचालित पर्यावरण जागरूकता एवं आपदा प्रबंधन राष्ट्रीय अभियान का सोमवार 3 अगस्त को राजनांदगांव आगमन हो रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा आपदा प्रबंधन के प्रति नागरिकों और तंत्र को जागरूक बनाना है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न शासकीय एवं औद्योगिक संस्थानों में विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज, एबीस फैक्ट्री तथा कमल साल्वेंट में विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन, आपदा के समय सतर्कता एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे अति-महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारीज के लखोली स्थित 'ज्ञान मानसरोवर' परिसर में सोमवार शाम 6 बजे पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन विषय पर एक वृहद जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, अभियंताओं, समाजशास्त्रियों सहित आमजन की बड़ी संख्या में सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने, आपदा के समय मानसिक धैर्य व सामाजिक तैयारी विकसित करने तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के माध्यम से सुरक्षित एवं स्वच्छ समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

## संगिनी एक्सक्लूसिव एग्जीबिशन 4 व 5 को, महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा संग्रह

**राजनांदगांव (दावा)।** अग्रवाल महिला मंडल, जिला राजनांदगांव द्वारा महिलाओं एवं परिवारों के लिए दो दिवसीय 'संगिनी एक्सक्लूसिव एग्जीबिशन' का आयोजन 4 एवं 5 अगस्त को अग्रसेन भवन, पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव में किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 9 से रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। आयोजकों ने बताया कि इस एग्जीबिशन में महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पादों का विशाल संग्रह उपलब्ध रहेगा। प्रदर्शनी में बनारसी साड़ियां, राजवाड़ी ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन, भगवान की पोशाक एवं श्रृंगार सामग्री, राखियां, बच्चों के उपयोगी सामान, भगवान के झूले, आरती की थाली, सूट, बेडशीट, बेडकवर, पर्स, चप्पल एवं चश्मे सहित अनेक वस्तुएं प्रदर्शित की जाएगी। आयोजक समिति के अनुसार यह एग्जीबिशन महिलाओं को एक ही स्थान पर विविध उत्पादों की खरीदारी का अवसर प्रदान करेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर सामाजिक मेल-मिलाप और पारिवारिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संतोष अग्रवाल, सचिव श्रीमती सुषमा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती सारिका अग्रवाल सहित मंडल की सदस्याएं तैयारियों में जुटी हुई हैं। अग्रवाल महिला मंडल ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में एग्जीबिशन में पहुंचकर आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

## सावन के पहले दिन आस्था का अनूठा समागम : मोहारा से जल लेकर सिंघोला महाकाल धाम पहुंचे कांवड़िये

**जीवनदान सेवा संस्था की विशाल 'डाक कांवड़ यात्रा' आयोजित, युवाओं को नशापान से दूर रहने का दिया संदेश**



**राजनांदगांव (दावा)।** पवित्र सावन मास के प्रथम दिवस पर संस्कारधानी में भक्ति का अनोखा रंग देखने को मिला। जीवनदान सेवा संस्था के तत्वावधान में लगातार चौथे वर्ष विशाल 'डाक कांवड़ यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। मोहारा स्थित पवित्र शिवनाथ नदी से जल भरकर कांवड़िये दौड़ते हुए सिंघोला महाकाल धाम पहुंचे और बाबा महाकाल के दिव्य शिवलिंग का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। इस आयोजन में मुख्य आयोजक शिवगण के रूप में मां पाताल भैरवी बर्फानी धाम, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला तथा हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

यात्रा का शुभारंभ मोहारा शिवनाथ नदी तट पर पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री एवं हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने संयुक्त रूप से सीटी बजाकर डाक कांवड़ यात्रा को रवाना किया। सीटी बजते ही पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'जय भोले' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और कांवड़िये गंतव्य की ओर दौड़ पड़े।

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि जनमानस में धर्म और अध्यात्म के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए इस बार यात्रा मार्ग का विस्तार किया गया है। विगत वर्ष कांवड़ यात्रा 30 किलोमीटर की दूरी तक आयोजित की गई थी, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर मोहारा नदी से डोंगरगढ़ तक लगभग 45 किलोमीटर किया गया हैद्ध जिसे शिवभक्त दौड़कर पूरा करेंगे।

## शक्तिधाम में श्रद्धा और भक्ति से मनाई गई गुरुपूर्णिमा, गुरुदेव हरीश यादव बोले - गुरु चरित्र निर्माण के शिल्पकार

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के बाबुटोला स्थित शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम में गुरु-शिष्य परंपरा का पावन पर्व गुरुपूर्णिमा अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। पीठाधीश्वर गुरुदेव हरीश यादव के पावन सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में गुरु पूजन से लेकर भजन-कीर्तन, पौधरोपण, पठन सामग्री वितरण एवं महाप्रसाद जैसे विविध सेवा कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे शिष्यों द्वारा गुरुदेव का दुग्ध, गंगाजल, रोली, चंदन एवं गुलाब जल से अभिषेक कर किया गया। तत्पश्चात मां काली एवं अघोरेश्वर बाबा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गुरुपादुका पूजन और दोपहर तक दर्शन का मुख्य क्रम चला। जिसमें दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरुदेव हरीश यादव ने कई शिष्यों को गुरु दीक्षा भी प्रदान की। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए गुरुदेव हरीश यादव ने स्वयं पौधा लगाकर सभी को प्रकृति संवर्धन का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात वे बाबुटोला शासकीय विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों को लेखनी व अध्ययन सामग्री वितरित की तथा बच्चों को गुरु की महत्ता पर प्रेरणादायक संदेश दिया।



शाम को आयोजित आशीर्वचन कार्यक्रम में गुरुदेव हरीश यादव ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाले नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण के शिल्पकार हैं। ज्ञान मनुष्य को कुशल बना सकता है, परंतु चरित्र ही उसे महान बनाता है। इतिहास साक्षी है कि समाज व राष्ट्र को नई दिशा देने वाले महापुरुषों के पीछे किसी न किसी समर्थ गुरु का मार्गदर्शन रहा है।

उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में तकनीक और सूचनाओं की कमी नहीं है, लेकिन श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण केवल गुरु के सानिध्य और आदर्शों से ही संभव है। गुरुपूर्णिमा केवल सम्मान का पर्व नहीं, बल्कि अपने जीवन में सत्य, करुणा, संयम और अनुशासन के संकल्प को उतारने का अवसर है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में शहर के प्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर समूचे आश्रम परिसर को शिव-गुरु भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने दिनभर चले इस सेवा व आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाया।

### // आम सूचना //

मैं महेश कुमार चौधरी पिता श्री हरीराम चौधरी, आयु 48 वर्ष, निवासी- वार्ड नं. 21, रेवाडीह, तहसील- राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे नाम से जारी ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम महेश चौधरी (MAHESH CHAUDHARY) दर्ज है जो कि, त्रुटिपूर्ण है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों (कक्षा- 12वीं की अंकसूची) में मेरा नाम महेश कुमार चौधरी (MAHESH KUMAR CHOUDHARY) दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि, मेरे जन्म प्रमाण पत्र सहित मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम महेश कुमार चौधरी (MAHESH KUMAR CHOUDHARY) दर्ज करते हुए मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे। मैं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। अतः आज दिनाँक 01/08/2026 से मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम महेश कुमार चौधरी (MAHESH KUMAR CHOUDHARY) की प्रविष्टी करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

दिनांक- 01/08/2026

भवदीय
महेश कुमार चौधरी
(MAHESH KUMAR CHOUDHARY)

## 2018 में स्वीकृत रेल परियोजना पर श्रेय लूटने की राजनीति बंद करें भाजपा : कांग्रेस



**8 वर्षों से अटकी डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन पर वर्तमान सांसद का नया दावा जनता से छल : अभिमन्यु उदय मिश्रा**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाईन परियोजना को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा श्रेय लेने की मची होड़ को कांग्रेस ने जनता को भ्रमित करने वाला करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि सच्चाई यह है कि यह परियोजना वर्ष 2018 में तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी और इसका विधिवत शिलान्यास भी किया जा चुका था। अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि भाजपा के ही नेताओं के बयानों और समाचार पत्रों में प्रकाशित वक्तव्यों से यह स्पष्ट है कि वे स्वयं मान रहे हैं कि 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और रेल मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों से इसे मंजूरी मिली थी। ऐसे में आज वर्तमान सांसद द्वारा उसी परियोजना को दोबारा स्वीकृत कराने का श्रेय लेना जनता के साथ सीधा छल और राजनीतिक दिखावा है।

#### 8 साल में काम आगे क्यों नहीं बढ़ा? किसकी थी सरकार?

कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि यदि यह परियोजना पहले से स्वीकृत थी, इसका शिलान्यास हो चुका था और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी थी, तो भाजपा यह स्पष्ट करे कि पिछले आठ वर्षों में इसे धरातल पर उतारने में इतनी देरी क्यों हुई? आखिर इतने सालों तक केंद्र में भाजपा की सरकार रहते हुए काम क्यों अटका रहा और इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

#### जनता को भ्रमित करने के बजाय समय-सीमा बताए भाजपा

अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस विकास कार्यों का हमेशा स्वागत करती है, लेकिन इतिहास को तोड़-मरोड़कर जनता के सामने परोसना और पुरानी उपलब्धि को अपनी नई खोज बताना गलत है। जनता अब केवल घोषणाओं और श्रेय की राजनीति से तंग आ चुकी है, उसे ज़मीन पर काम चाहिए। उन्होंने भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे जनता को भ्रमित करने के बजाय यह सार्वजनिक करें कि 2018 में स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी रेल परियोजना को समय पर पूरा करने में 8 वर्षों का विलंब क्यों हुआ। जनता को सच जानने का पूरा अधिकार है।

# जिला हॉकी संघ की वार्षिक आमसभा संपन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ निर्विरोध गठन

**फिरोज अंसारी अध्यक्ष, शिवनारायण धकेता सचिव एवं वीरेंद्र सिंह भाटिया बने कोषाध्यक्ष**




**राजनांदगांव (दावा)।** हॉकी की नर्सरी के रूप में विख्यात राजनांदगांव में खेल को और अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला हॉकी संघ की वार्षिक आमसभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया 'द सिंग होटल' में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। केंद्रीय खेल नीति के नियमों के तहत आयोजित इस प्रक्रिया में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव किया गया। निर्वाचन अधिकारी गुनेंद्र कुमार साव द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा के पश्चात मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, छत्तीसगढ़ हॉकी के उपाध्यक्ष एम.वाय. कुरैशी, जिला ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक अरुण शुक्ला, छत्तीसगढ़ हॉकी के पर्यवेक्षक अनूप श्रीवास्तव एवं सहायक संचालक (खेल) ए. एक्का की गरिमामय उपस्थिति में प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

निर्विरोध निर्वाचित नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष फिरोज अंसारी, उपाध्यक्ष भूषण साव, दौलत सिंह चंदेल, सुश्री आशा थॉमस, सचिव शिवनारायण धकेता, सह-सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर, अनुराज श्रीवास्तव, गुणवंत पटेल, श्रीमती बबिता लिल्हारे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह भाटिया व कार्यकारिणी सदस्य कुमार स्वामी, गणेश प्रसाद शर्मा, संदीप सिंह ग्रेवाल, श्रीमती शबनम बानो खान, खुशाल यादव आदि है।

### हॉकी की गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे : महापौर

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनांदगांव ने देश को कई महान खिलाड़ी दिए हैं। नगर निगम और उनका व्यक्तिगत सहयोग खेल व खिलाड़ियों के उन्नयन के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने फिरोज अंसारी के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनके वर्षों के निष्ठावान नेतृत्व और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है।

### 1969 से जारी है हॉकी का स्वर्णिम सफर : फिरोज

नवनिर्वाचित अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि संघ की स्थापना 1969 में हुई थी। बीते 10 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राजनांदगांव के 5 से 10 खिलाड़ी निरंतर जगह बना रहे हैं। नई कार्यकारिणी वरिष्ठों के मार्गदर्शन में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नीलमचंद जैन, जगदीश ग्रोवर, कुलबीर सिंह भाटिया, ज्ञानचंद जैन, छोटेलाल रामटेके, राजेश यादव, धीरज मेशराम, मदन यादव, सूर्यकांत जैन, चेतन वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# शहर में 6 अगस्त को होगा 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र' का भव्य आयोजन

**महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों व युवाओं से की शामिल होने की अपील**



**राजनांदगांव (दावा)।** देशभक्ति, सैनिक सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाले राष्ट्रीय अभियान 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र' के अंतर्गत आगामी 6 अगस्त को राजनांदगांव के गौरवपथ ऑडिटोरियम में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक-औद्योगिक निकायों और युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक और राष्ट्रप्रेमी अभियान का हिस्सा बनें। श्री यादव ने बताया कि इस पावन अभियान के तहत अब तक रिकॉर्ड 27 लाख 92 हजार सिपाही रक्षा-सूत्र भारतीय सेना के शूरवीर जवानों तक पहुंचाए जा चुके हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ की पवित्र माटी से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीरों का तिलक किया जा चुका है। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ सिपाही रक्षा-सूत्र संकलन अभियान चलाया जा रहा है। 6 अगस्त को आयोजित समारोह में संकलित सभी रक्षा-सूत्र पूर्व सैनिक संगठन 'सिपाही' को समर्पित किए जाएंगे। जो इन्हें छत्तीसगढ़ की माटी के साथ भारतीय सेना के मुख्यालय तक ससम्मान लेकर जाएंगे।

आयोजन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री तथा महापौर मधुसूदन यादव सहित जिले के अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, सैन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मंच पर उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने विशेष रूप से एनसीसी कैडेट्स, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों, स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, सामाजिक एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे उपस्थित होकर अपने हाथों से पूर्व सैनिकों को रक्षा-सूत्र सौंपें और राष्ट्र रक्षा में समर्पित वीर जवानों के प्रति अपना सम्मान व आभार प्रकट करें।

# वृहद वृक्षारोपण एवं 'पीएम सूर्य घर योजना' कार्यशाला संपन्न



**पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए नागरिकों को किया जागरूक : लक्ष्मण लोहिया**

**राजनांदगांव (दावा)।** अग्रवाल नवयुवक मंडल राजनांदगांव के तत्वावधान में शनिवार को 'एक पेड़ माँ के नाम - हरियाली से खुशहाली' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण एवं 'पीएम सूर्य घर योजना' जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं अक्षय ऊर्जा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई तथा नागरिकों से इन दोनों अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अग्रसेन वाटिका (अग्रसेन चौक, रामाधीन मार्ग) में अतिथियों एवं नागरिकों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने पर्यावरण संतुलन का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

### पीएम सूर्य घर योजना पर कार्यशाला : अनुदान और प्रक्रिया की दी गई जानकारी

वृक्षारोपण के पश्चात अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यशाला में पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, एल्डरमैन मंजू यादव तथा निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। कार्यशाला में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जी.एस. फ्लोरा एवं निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने पीएम सूर्य घर योजना की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से नागरिक अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र (सोलर सिस्टम) स्थापित कर बिजली खर्च में भारी कमी ला सकते हैं। उन्होंने योजना की पात्रता, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, मिलने वाली सब्सिडी तथा तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान किया।

### पर्यावरण व ऊर्जा आत्मनिर्भरता आज की राष्ट्रीय आवश्यकता

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता दोनों ही राष्ट्रीय आवश्यकताएं हैं। वृक्षारोपण से जहां प्रकृति का संतुलन बना रहता है, वहीं सौर ऊर्जा का उपयोग देश को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाता है। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, नवयुवक मंडल के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं आत्मीय माहौल में मनाया गया

**निवास से लेकर जयस्तंभ चौक व पंचशील होटल तक दिनभर लगा रहा शुभचिंतकों का तांता, काटे गए केक**



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का जन्मदिन रविवार को पूरे उत्साह, हर्षोल्लास एवं आत्मीय माहौल में मनाया गया। प्रातःकाल से ही उनके निवास सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर शुभचिंतकों, मित्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का तांता लगा रहा। सभी ने पुष्पगुच्छ एवं हार भेंटकर श्री डाकलिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। जन्मदिन के अवसर पर जय स्तंभ चौक, कांग्रेस भवन, आजाद चौक, लालबाग तथा स्थानीय पंचशील होटल सहित विभिन्न स्थानों पर केक काटकर उनका जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। शहर के विभिन्न सामाजिक एवं मित्र मंडलों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। आजाद चौक फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्यों ने भी विशेष आयोजन कर श्री डाकलिया का अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभकामनाएं अर्पित कीं।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नरेश डाकलिया ने महापौर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राजनांदगांव शहर के सर्वांगीण विकास, जनहितैषी योजनाओं और सामाजिक समरसता के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आज भी वे राजनीति से परे हटकर सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए आम जनता के सुख-दुःख में सहभागी बनते हैं। उनके सरल, सौम्य एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण ही वे समाज के सभी वर्गों के बीच लोकप्रिय हैं।

दिनभर उनके निवास पर समर्थकों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की आवाजाही बनी रही। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर सुनील गोलछा, जितेंद्र सिंह 'जीतू, संजय ललवानी, मूलचंद भंसाली, विनोद जैन, निलेश डाकलिया, अशोक शर्मा, अतीन जैन, पवन मेश्राम, मनोज गोलछा, धनराज सोनी, सोनी जी, रोशन गोलछा, अशोक कोटड़िया, दीपांकर खोबरागड़े, गोलू यादव, नितिन शर्मा, महेश सोनी, उत्तम यादव, देवेश डाकलिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मित्रगण उपस्थित रहे।

# रायपुर में स्थापित होगा भारत का पहला रेयर अर्थ मैग्नेट रीसाइक्लिंग प्लांट



**सीएसआईआर-एनएमएल एवं अर्थ इंडियन रिसोर्सेज के बीच हुआ एमओयू**

**रायपुर/जमशेदपुर (दावा)।** भारत को क्रिटिकल मिनरल्स एवं रेयर अर्थ तत्वों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल हुई है। इसके तहत राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर ने अर्थ इंडियन रिसोर्सेज लिमिटेड रायपुर (छत्तीसगढ़) को नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन मैग्नेट स्क्रैप से उच्च शुद्धता वाले रेयर अर्थ ऑक्साइड की रिकवरी की स्वदेशी तकनीक हस्तांतरित की है। यह तकनीक ऊर्जा-कुशल एवं पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रिया पर आधारित है। जिसका उद्देश्य भारत में रेयर अर्थ मैग्नेट रीसाइक्लिंग उद्योग को बढ़ावा देना है। इस तकनीक के आधार पर रायपुर, छत्तीसगढ़ में भारत के पहले रेयर अर्थ मैग्नेट रीसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

प्रस्तावित परियोजना देश में रेयर अर्थ तत्वों की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने तथा राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन, आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगी। भारत में नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन मैग्नेट रीसाइक्लिंग को रणनीतिक क्षेत्र माना जा रहा है क्योंकि इससे इलेक्ट्रिक वाहन, पवन ऊर्जा, रक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के लिए आवश्यक रेयर अर्थ तत्वों की आपूर्ति सुदृढ़ हो सकती है। सीएसआईआर-एनएमएल द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक तकनीक में कम ऊर्जा वाली थर्मल ट्रीटमेंट एवं जल लीचिंग प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में प्रबल खनिज अम्लों की आवश्यकता नहीं होती तथा नियोडिमियम (एनडी), प्रसीओडिमियम (पीआर) एवं डिस्प्रोसियम जैसे उच्च मूल्य के रेयर अर्थ तत्वों की रिकवरी के साथ-साथ आयरन ऑक्साइड भी एक उपयोगी सह-उत्पाद के रूप में प्राप्त होता है। यह तकनीक उच्च शुद्धता वाले रेयर अर्थ ऑक्साइड के उत्पादन के लिए विकसित की गई है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह में अर्थ इंडियन रिसोर्सेज लिमिटेड की ओर से ऋषिराज नारंग, योगेन्द्र नारंग, कंपनी की ओर से डॉ. जयेंद्र नारंग, अनूप श्रीवास्तव, संरक्षक के. डी. दीवान, दिव्याका झा, निदेशक वेद सौरभ नारंग एवं दुष्यंत दास उपस्थित रहे। वहीं सीएसआईआर-एनएमएल की ओर से डॉ. एस. शिवप्रसाद, डॉ. एस. के. पाल, डॉ. के.के. साहू, डॉ. अभिलाष, डॉ. नवनीत सिंह रंधावा, डॉ. प्रतिमा मेश्राम, डॉ. वाई. उषा, डॉ. उदय भास्कर राव तथा डॉ. बीना कुमारी ने सहभागिता की।

अर्थ इंडियन के निदेशक योगेन्द्र नारंग ने कहा कि यह तकनीक भारत में रेयर अर्थ मैग्नेट रीसाइक्लिंग उद्योग के विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि कंपनी इस तकनीक के औद्योगिक स्तर पर व्यावसायीकरण की दिशा में कार्य करेगी। जिससे भारत में रेयर अर्थ तत्वों की सुरक्षित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला विकसित होगी और उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि रेयर अर्थ तत्व भविष्य की हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, रक्षा, सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स एवं आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की आधारशिला हैं। ऐसे में इस तकनीक का औद्योगिक उपयोग भारत को वैश्विक रेयर अर्थ वैल्यू चेन में मजबूत स्थान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं निदेशक वेद सौरभ नारंग ने कहा कि अर्थ इंडियन भविष्य में भी इसी प्रकार अनुसंधान, नवाचार एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से देश एवं छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कंपनी क्रिटिकल मिनरल्स एवं रेयर अर्थ रीसाइक्लिंग के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

# सावन मास पर लाल बागेश्वर धाम में सुंदरकांड पाठ एवं सावन महोत्सव का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग स्थित शिव सेवा मंडल द्वारा वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सावन महोत्सव का आयोजन नित्य प्रतिदिन अनवरत चलता रहेगा। भोले बाबा के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि आज सोमवार को सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा मे भोले बाबा के भक्तो द्वारा मोहारा से जल यात्रा एवं सिंघोला महाकाल मंदिर के दर्शन कर लालबागेश्वर धाम में जल चढ़ाया जाएगा। 11 बजे आचार्य द्वारा सामूहिक शिव बाबा का रुद्राभिषेक संगीतमय माध्यम से धूमधाम से किया जाएगा। खाटू श्याम के भजन तथा सुंदरकांड आज सोमवार को होंगे। आज ही रात्रि 7:30 बजे गली नंबर पांच स्थित शिव मंदिर में ताल छापर वाले गणेश मिश्रा का 2297वां सुंदरकांड तथा खाटूश्याम बाबा के भजन कार्यक्रम का आयोजन आकर्षण का केंद्र होगा।

शिव सेवा मंडल के सदस्य हरि तेजवानी एवं कमल चिचेरिया ने बताया कि 30 जुलाई से अनवरत रूप से सावन महोत्सव शुरू हो चुका है। जिसके तहत सुबह 8 बजे पार्थिव शिवलिंग एवं लालबागेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया जाता है एवं लाल बागेश्वर महादेव की भव्य महाआरती की जाती है। रात्रि 8 से 9 बजे शिव चालीसा का पाठ तथा महाआरती की जाती है। यह 28 अगस्त तक अनवरत चलेगा। बीच-बीच में सोमवार के दिन बड़े कार्यक्रम भी होंगे।

# आज होगी शिव-पार्वती की प्राण-प्रतिष्ठा, शाम को सजेगा भव्य भंडारा



**राम-लक्ष्मण वाटिका बना भोलेनाथ का सपरिवार निवास, सावन के प्रथम सोमवार पर बरसेगा आशीष**

**राजनांदगांव (दावा)।** भगवान भोलेनाथ को सपरिवार राम-लक्ष्मण वाटिका में विराजमान कराने के उद्देश्य से चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार (3 अगस्त) को भव्य समापन होने जा रहा है। आज शुभ मुहूर्त एवं वेदोक्त मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव, माता पार्वती, प्रथम पूज्य गणेश, कार्तिकेय एवं शिवगण नंदी की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इसके साथ ही शाम को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार धार्मिक प्रक्रिया के प्रथम दिन भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। दूसरे दिन पुरोहितों द्वारा शास्त्रोक्त विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास तथा रात्रि में शैयाधिवास के अनुष्ठान संपन्न कराए गए।

### यज्ञ की पूर्णता के साथ शाम को होगा भंडारा

सोमवार 3 अगस्त को प्राण-प्रतिष्ठा का संकल्पित यज्ञ अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगा। धार्मिक अनुष्ठान के संपन्न होने के पश्चात शाम को शिवभक्तों के लिए भंडारे का आयोजन रखा गया है। जहां श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर अपने तथा परिजनों के सुख, शांति व समृद्धि की मंगल कामना करेंगे। इस त्रि-दिवसीय अनुष्ठान में मुख्य यजमान गिरीश देवांगन ने सपत्नीक सभी धार्मिक प्रक्रियाओं को निष्ठापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने वार्डवासियों सहित संपूर्ण राजनांदगांव शहर व जिले की सुख-समृद्धि एवं आनंद-मंगल की प्रार्थना भगवान शिव-पार्वती के चरणों में निवेदित की। वहीं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले तथा स्थानीय वार्ड पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन ने भी तीन दिवसीय अनुष्ठान में निरंतर शामिल होकर मंदिर स्थापना कार्य में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से आज के आयोजन में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# युगांतर के चार छात्रों का सीबीएसई ईस्ट जोन स्वीमिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन




**डीपीएस भिलाई में 26 से 28 जुलाई तक किया गया था आयोजन**

**राजनांदगांव (दावा)।** युगांतर पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों–नेहाक्ष सिन्हा, धनंजय पटेल, सुमीत तरमा एवं खिरेन्द्र कश्यप ने सीबीएसई ईस्ट जोन स्विमिंग चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व शहर का नाम गौरवान्वित किया है। डीपीएस भिलाई में 26 से 28 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में युगांतर के तैराकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा में खिरेन्द्र कश्यप, नेहाक्ष सिन्हा, सुमीत तरमा और धनंजय पटेल की टीम ने 100 मीटर फ्री-स्टाइल स्विमिंग में तृतीय स्थान अर्जित कर कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार 4.100. मीटर मेडले रिले स्पर्धा में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक अपने नाम किया।

### विभिन्न विधाओं में दिखाया दम, मिले कुल 8 मेडल

व्यक्तिगत व टीम स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। खिरेन्द्र कश्यप ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक, नेहाक्ष सिन्हा ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, धनंजय पटेल ने 100 मीटर बटरफ्लाई तथा सुमीत तरमा ने 100 मीटर फ्री-स्टाइल में शानदार प्रदर्शन कर युगांतर की टीम को टूर्नामेंट में ओवरऑल तृतीय स्थान दिलाया। पूरी टीम ने प्रतियोगिता में कुल 8 मेडल हासिल किए। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्विमिंग कोच खेवन निषाद, पारख साहू एवं रेणुका साहू के कुशल मार्गदर्शन और कड़े अभ्यास को दिया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़ीया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी व नरेंद्र कोटड़ीया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ/स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित समस्त युगांतर परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ट्रैक रखरखाव के विविध P.Way कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** ई/14/एनएजी/2026-2027
**कार्य का नाम:** ADEN, गोंदिया अंतर्गत सेक्शन में SSE-P.Way, AGN के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक के रखरखाव के विविध P.Way कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,28,08,746/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,56,200/-

**2. निविदा क्र.:** ई/15/एनएजी/2026-2027
**कार्य का नाम:** ADEN, गोंदिया अंतर्गत सेक्शन में SSE-P.Way, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध P.Way कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,28,38,496/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,56,800/-

**3. निविदा क्र:** ई/16/एनएजी/2026-2027
**कार्य का नाम:** ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) अंतर्गत सेक्शन में SSE-P.Way, RJN के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध P.Way कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,28,67,396/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,57,400/-

**4. निविदा क्र.:** ई/17/एनएजी/2026-2027
**कार्य का नाम:** ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) अंतर्गत सेक्शन में SSE-P.Way, DGG के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध P.Way कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,28,45,275/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,56,900/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **25.08.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता - पूर्व,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**नागपुर**

D360S/11-69

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

**“ जो मिला है उसकी कद्र करें, जो नहीं मिला उसके लिए मेहनत करें।**

## सम्पादकीय

# मृत्यु उपरांत क्लीन चीट स्व.मनमोहन सिंह के ‘हाथ’ काले नहीं थे

भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व की यूपीए सरकार से देशवासियों को कोई कष्ट नहीं था। देश में शान्ति थी। किन्तु, छिछली राजनीति ने उन्हें भ्रष्ट पीएम बताने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। यू.पी.ए. सरकार पर भ्रष्टाचार के अनेक अनेक आरोप लगे थे। कोयले के आबंटन में मनमोहन सिंह पर घोटाला-भ्रष्टाचार करने के आरोप लगे थे। स्वाभाविक रूप से मनमोहन सिंह बदनाम हुए और यू.पी.ए. सरकार सत्ताच्युत हो गई। तब के दुष्प्रचार में कोयला काण्ड को ‘कोलगेट’ कहा गया था। साथ ही, बेतहाशा भ्रष्टाचार और पॉलिसी पेरालिसस जैसे शब्दों से सरकार को नवाजा गया था।

तत्कालिन अनशन में चर्चित रहने वाले अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चलाया गया था। मीडिया में भी यह आंदोलन बहुत गुंजा और संसद गृहों में भी तत्कालिन विपक्ष भाजपा ने संसद को बारम्बार ठप किया था। उस समय टेलिविजन डिबेट्स पर विशेषज्ञों ने गर्जना करते हुवे मनमोहन सिंह को ‘मौनी बाबा’ कहकर मजाक उड़ाया था। कोयला काण्ड में पूर्व नियोजित योजना के तहत भ्रष्टाचार के बहुत चाबुक चलाए गए थे। जिसके कारण, प्रचारित कोयला काण्ड से यू.पी.ए. सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल लगे थे। इसी कोयला काण्ड ने भाजपा को केन्द्र में प्रवेश करने का एक आसान का मार्ग मिला था। प्रत्येक चुनावी सभा में मनमोहन सिंह को ‘मौनी बाबा’ कहा जाता था। उन्हें ‘रबर स्टाम्प’ प्रधानमंत्री के रूप में पेश किया जाता था। 2014 के आम चुनावों में भाजपा की भारी बहुमत के साथ जीत हुई थी। जिसका एक कारण उक्त चर्चित कोयला काण्ड भी था।

मनमोहन सिंह राजनैतिक तूफानों के केन्द्र में एक मुख्य पात्र बन गए थे। वस्तुतः यह कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सार्वजनिक व व्यक्तिगत जीवन प्रमाणिक, शुद्ध एवं बौद्धिक अर्थशास्त्री के रूप में अंकित था। किन्तु, उन्हें भ्रष्टाचारी के रूप में दर्शाया गया था। उन्हें बदनाम किया गया था। 1991 में नरसिंहाराव की सरकार में केन्द्रीय वित्त मंत्री रहे मनमोहन सिंह आर्थिक उदारवादी नीति के ‘नायक’ थे। वे एक कुशल अर्थशास्त्री थे, किन्तु राजनीतिज्ञ नहीं थे। ये ही उनका ऋणात्मक पक्ष था। 2011 और 2014 के बीच के समय में विपक्ष में प्रमुख भूमिका में रही भाजपा के टार्गेट में थे। अन्ना हजारे और केजरीवाल कंपनी को सामने रखकर भाजपा ने उन पर तीखे प्रहार किए थे।

जिसका उचित प्रतिकार करने में कांग्रेस असफल रही थी। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की भूमिका में पर्दे के पीछे कांग्रेस है, इस आरोप को झुठलाने में कांग्रेस गंभीर नहीं थी। इसका एक दूसरा कारण यह भी था कि मनमोहन सिंह की प्रशंसा अगर कांग्रेस करेगी तो गांधी परिवार कांग्रेस में ‘नम्बर टू’ पर आ जाएगा। जबकि, निपुण अर्थशास्त्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत को 1991 में ‘बैलेन्स आफ पेमेन्ट’ के संकट से देश को बाहर निकाला था। लेकिन, जनता की याददाश्त कमजोर ही कहें कि, आज उन्हें कोई याद नहीं करता। किन्तु, इसके विपरीत कोयला काण्ड में उन्हें खलनायक बताया गया। जबकि, सच्चाई यह थी कि आर्थिक क्षेत्र में उनके पास अनेक शैक्षणिक डीग्रियां थी, जितनी किसी भी नेता के पास न पहले थी और न वर्तमान में है।

गत दिनों, उनकी मृत्यु के लगभग दो साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने अंततः कोयला काण्ड के लम्बे मामले में मनमोहन सिंह के पक्ष में निर्णय दिया है। उन्हें निष्कलंक बताते हुए केस को खत्म कर दिया। जिससे निःसंदेह कांग्रेस ने राहत की सांस ली है। 2005 में जब कोयले की खान का आवंटन हुआ था, तब कोयला मंत्रालय उनके पास था। तब कोर्ट ने आपराधिक षडयंत्र और भ्रष्टाचार निवारण कानून अधीन केस चलाने के लिए मनमोहन सिंह, उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला, भूतपूर्व कोयला सचिव पी.सी. पारख और अन्य लोगों को नोटिस प्रेषित कर आरोपी बनाया था।

# छात्रों और युवाओं के आंदोलन का अपमान

**अजीत द्विवेदी**

आपदा को अवसर बनाने की कला में माहिर राइटविंग के कई इन्फ्लूएंसर और हर घटनाक्रम में साजिश का पहलू खोजने वाले मोदी विरोधी दोनों एक साथ दावा कर रहे हैं कि जंतर मंतर पर हुआ आंदोलन प्रायोजित था और इस आंदोलन से सरकार को बहुत फायदा हुआ है। कहा जा रहा है कि सरकार बड़ी सफलता के साथ राममंदिर के चढ़ावा चोरी और इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का मुद्दा लोगों के जेहन से निकालने में कामयाब हो गई। सोचें, यह कितना बेसिरपैर का तर्क है?

चढ़ावा चोरी अब भी लोगों के जेहन में है और ई-20 पेट्रोल का मामला लोगों के अपने जीवन और उनकी जेब से जुड़ा है इसलिए वह भी ध्यान से नहीं निकलने वाला है। ई-20 पार्टी नाम से एक संगठन बन गई है, जिसकी ओर से आंदोलन की तैयारी की जा रही है। फिर भी अगर यह प्रायोजित आंदोलन था तो कह सकते हैं कि सरकार ने सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए गर्दन कटवाने का काम किया है।

असल में आंदोलन को प्रायोजित बताने वाले लोग छात्रों और युवाओं के इस आंदोलन का अपमान कर रहे हैं। वे छात्रों और युवाओं को सरकार या किसी और के हाथ का प्यादा साबित करने में लगे हैं। हकीकत यह है कि इस तरह की बात करने वालों को अपनी नई पीढ़ी के बारे में कोई अंदाजा नहीं है और वे उन्हें समझने का प्रयास भी नहीं कर रहे हैं। उनको पता नहीं है कि जितना बड़ा आंदोलन जंतर मंतर पर था उससे कितना बड़ा आंदोलन पूरे देश में चल रहा था। युवाओं ने इंस्टाग्राम को ही जंतर मंतर बना दिया था, जहां वे अपनी लड़ाई लड़ रहे थे।

उन्हें और उनके आंदोलन को डिमीन करने या अपमानित करने से पहले उन्हें समझने की कोशिश करनी चाहिए। यह ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें पुराने मुहावरों या मूल्यों के आधार पर नहीं समझा जा सकता है। उनके सभी बुनियादी मूल्य बदल गए हैं, उन्हें पुराने फॉर्मूले से आप पहचान नहीं पाएंगे। उनके लिए कमाई और सफलता की धारणा बदल गई है। वे बिना ऑफिस स्पेस के ऑफिस चलाते हैं, बिना पारंपरिक मुद्रा के कमाई करते हैं, उनकी सफलता उम्र और अनुभव का इंतजार नहीं करती है। जन्म के साथ मिली पहचान की धारणा को उन्होंने काफी हद तक तोड़ दिया है। इस रूप में उन्हें



स्वीकार कीजिए और उन्होंने जो हासिल किया है उसका उत्सव मनाइए।

इसके उलट यह प्रचार करना मूर्खता है कि सरकार ने या किसी और ने आंदोलन को प्रभावित किया। वास्तविकता यह है कि इस आंदोलन से सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उलटे सरकार ने अपनी साख, अपनी लोकप्रियता और अपना समर्थन गंवाया है। एक पूरी पीढ़ी की स्मृतियों में दशकों तक जंतर मंतर की तस्वीरें रहेंगी। उनको याद रहेगा कि जब वे अपनी तकलीफों का समाधान मांगने जंतर मंतर पर गए थे तब सरकार ने उनके ऊपर लाठियां चलवाई थीं, आंसू गैस के गोले छोड़े थे, उनको घायल करने के लिए पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया था। उन्हें याद रहेगा कि उनकी रचनात्मकता और लोकप्रियता से घबराई सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया था। उनके सहयोग के लिए बढ़े हाथों को कानूनी दांव पेंच के जरिए रोका था। जंतर मंतर की तरफ बढ़ने वाले कदमों की रफ्तार रोकने के लिए कई दिन तक मेट्रो बंद रखे गए थे। फूड डिलीवरी ऐप्स को रोका गया था। जंतर मंतर के आसपास के दुकानदारों को धमकाया गया था। छात्रों के ऊपर मुकदमे किए गए थे।

ये तमाम बातें नई पीढ़ी के युवाओं की स्मृति में स्थायी रूप से दर्ज रहेंगी। जिस तरह से आजादी के बाद की पीढ़ी की यादों में आजादी की लड़ाई के मूल्य दर्ज थे उसी तरह इस पीढ़ी की यादों में पेपर लीक से लेकर पुलिस के लाठी चलाने तक की घटना दर्ज रहेगी। उनका राजनीतिक और मतदान व्यवहार इससे प्रभावित होगा। राजनीतिक पार्टियां आमतौर पर मानती हैं कि एक बार आंदोलन खत्म होने के बाद सब कुछ बदल जाता है और पुराने ढर्रे पर लौट आता है। याद करें कैसे किसान आंदोलन खत्म होने के बाद वापस लौटे किसानों ने अपनी किसान वाली अस्मिता छोड़ दी थी और घर में खूंटी पर टंगी जाति और धर्म वाली अस्मिता ओढ़ ली थी।

वैसे ही भाजपा को लग रहा होगा कि छात्र और युवा भी घर लौटेंगे तो प्रदर्शनकारी ‘जेन जी’ वाली अस्मिता खूंटी पर टांग देंगे और जाति व धर्म वाली अस्मिता ओढ़ लेंगे। हो सकता है कि कुछ युवाओं के साथ ऐसा हो लेकिन व्यापक रूप से उनके व्यवहार में बदलाव होने की संभावना कम है।

ऐसा होने के कई कारण हैं। एक, युवाओं ने बहुत ठोस कारण से आंदोलन शुरू किया था। जब उनकी पीड़ पर्वत सी हो गई थी तब वे सड़क पर उतरे थे। अभी तुरंत उनकी इस पीड़ा का समाधान नहीं होने जा रहा है। दो, डिजिटली कनेक्टेड इस दौर में उनके आंदोलन की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। वे इसकी सफलता को लंबे समय तक याद रखना चाहेंगे। तीन, उनका परिवार भी किसी न किसी रूप में इस आंदोलन से जुड़ा था। इसलिए अपनी अस्मिता बदलने के लिए उनके ऊपर अब कोई बाहरी दबाव नहीं होगा। चार, संसदीय लोकतंत्र में संविधानेत्तर उपकरणों से जो बदलाव होते हैं उनसे उम्मीदें तो बहुत बड़ी होती हैं लेकिन उनके पूरा नहीं होने पर निराशा भी उतनी ही बड़ी होती है। इसलिए युवाओं का उत्साह जिन उम्मीदों से बढ़ा है अगर वो निराशा में बदलती हैं तो ज्यादा मुश्किल होगी। नेपाल में सबने देखा है कि कैसे छह महीने से भी कम समय में ‘जेन जी’ का अपनी ही बनाई सरकार से मोहभंग हुआ।

सरकार को भी इसका अंदाजा है तभी उसने तात्कालिक उपाय और दीर्घावधि के लिए जरूरी उपाय एक साथ शुरू किए हैं। एक तरफ पेपर लीक रोकने के लिए 2024 में लाए गए कानून को दो साल के अंदर ही संशोधित किया जा रहा है और ज्यादा सख्त कानून बनाया जा रहा है। इसका मकसद युवाओं को तात्कालिक संतोष देना है। लेकिन साथ ही एक उच्चाधिकार प्राप्त कमेटी बना कर परीक्षा व्यवस्था की संस्थागत और संरचनागत समस्याओं को दूर करने की पहल भी की गई है। सरकार ने बहुत सोचे समझे तरीके से इस कमेटी की अध्यक्षता के लिए नंदन नीलेकणी का नाम तय किया है। सरकार को पता था कि उनको बनाए जाने पर यह सवाल उठेगा कि कांग्रेस के नेता रहे व्यक्ति को सरकार ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। लेकिन इसी से इस पूरी पहल की विश्वसनीयता भी बनेगी। सरकार की पहली चिंता परीक्षा व्यवस्था में सुधार के प्रयासों की विश्वसनीयता बहाल करने की है। वह नंदन नीलेकणी के नाम से होगा। सरकार को धारणा के स्तर पर इसका लाभ मिल सकता है।

परंतु अभी अगर कोई कहता है कि यह आंदोलन सरकार या किसी और द्वारा प्रायोजित किया गया था या कॉकरोच जनता पार्टी भी भाजपा का उपक्रम है या सोनम वांगचुक सरकार के एजेंट थे और इन सबको आगे कर सरकार ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी या पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण के मामले को सार्वजनिक विमर्श से हटा दिया है तो उसे वास्तविक हालात की जानकारी नहीं है। वास्तविक स्थिति यह है कि सरकार को ‘जेन जी’ के इस आंदोलन से बड़ा नुकसान हुआ है। नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री अपनी जो विरासत बना रहे थे उस पर संकट आया है। अच्छी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी इस बात को समझ रहे हैं। वे किसी भ्रम में नहीं हैं। इसलिए इसको ठीक करने के प्रयास कर रहे हैं। कामयाबी कितनी मिलेगी, कह नहीं सकते हैं।

# सावन का पहला सोमवार आज, मुहूर्त में करें भगवान शिव की पूजा

भगवान शिव का प्रिय और पवित्र महीना शुरू हो चुका है और 3 अगस्त 2026 को पहला सोमवार का व्रत रखा जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन सोमवार के दिन उपवास रखने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूरी हो जाती हैं। वहीं जो कुंवारी युवतियां सावन के सभी सोमवार का व्रत रखती हैं उन्हें मनचाहा जीवनसाथी मिलने के साथ ही सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मिलता है। सावन के पहले सोमवार पर शिवलिंग का जलाभिषेक करने के साथ ही भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, फूल, फल अर्पित करें। ऐसा करने से जातक के सभी अधूरे कार्य बिना बाधा के शीघ्र पूरे होते हैं। तो यहां जानिए सावन सोमवार पूजा विधि, मुहूर्त और मंत्र के बारे में। अगर आप भी सावन सोमवार का व्रत करने वाले हैं तो इन नियमों का जरूर पालन करें।

### सावन के पहले सोमवार पर शुभ मुहूर्त

सावन के पहले सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा के लिए ये 4 मुहूर्त सबसे उत्तम रहेगा। इन सभी मुहूर्त में भोलेनाथ की आराधना करने से जातक की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 4 बजकर 19 मिनट से सुबह 5 बजकर 1 मिनट तक] अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 54 मिनट तक, प्रदोष काल- शाम 6 बजकर 26 मिनट से शाम 7 बजकर 56 मिनट तक, निशिता काल- रात 11 बजकर 33 मिनट से रात 12 बजकर 21 मिनट तक

### सावन सोमवार पूजा विधि

सावन सोमवार के दिन प्रातःकाल उठकर



स्नान आदि के बाद साफ-सुथरे वस्त्र पहन लें। इस दिन लाल, हरा, पीला या नारंगी रंग के कपड़े पहनें।

इसके बाद मंदिर या पूजा घर को साफ कर के गंगाजल छिड़कर शुद्ध कर लें। अब हाथ में जल और गंगाजल लेकर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद शिवलिंग का जल और गंगाजल से जलाभिषेक करें। जलाभिषेक के बाद पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक करें। शिवलिंग का अभिषेक करते समय ॐ नमः शिवाय मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करें। पंचामृत अभिषेक के बाद दोबारा साफ जल से शिवलिंग का अभिषेक करें। भोलेनाथ को चंदन, अक्षत, तिल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, शमी के पत्ते और फल चढ़ाएं। माता पार्वती को सुहाग की सामग्री अर्पित करें। घी का दीया जलाएं और फिर शिव चालीसा का पाठ करें। अंत में शिवजी की आरती करें और शिवजी से भूलचूक की माफी मांगें।

### भगवान शिव के मंत्र

*ॐ नमः शिवाय*
*ॐ साम्ब सदाशिवाय नमः*
*ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं*
*पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव*
*बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।*
*ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय*
*धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।।*

### शब्द सामर्थ्य -118



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 117 का हल

## सामयिक चर्चा

### उसकी गलती, गलती हैं। अपनी गलती, गलती नहीं।

खबर पढ़कर
बानी बोले – ‘‘गजाधर!
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष
तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता
राहुल गांधी कहते हैं-
‘‘पेपर लीक से छात्रों का
भविष्य छीनने वाले मोदी
छात्रों से माफी मांगे।
गजाधर! इस पर आप
क्या मत व्यक्त करते हैं?’’
गजाधर मुस्कराए, बोले-
‘‘बानी! हम आपसे पूछते है
राहुल गांधी अपनी गलती स्वीकार करते हैं?
वैसे तो बानी! एक साधारण आदमी भी
अपनी गलती स्वीकार नहीं करता है।
पर यह सच है कि जिस व्यक्ति में
अपनी गलतियों को स्वीकार करने का
साहस होता है, वही खुद को
बेहतर बना सकता है।
हॉ! एक बात और बानी!
दूसरों को उसकी गलती पर
आदमी चल उससे
माफी मांगने को कहता है।
पर खुद की गलती को
वह नजर अंदाज करता है।’’



(रविवार 2 अगस्त 2026) गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** – आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। खेल-कूद में आज आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

**वृष राशि** – आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक रहने वाला है। आपकी कार्य योजनाओं को नई गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपको बहुत खुशी होगी।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है, आज बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए आपको बढ़िया मौका मिलेगा। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त होने के योग बने हुए हैं। आज शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को नई गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई के मानसिक दबाव से छुटकारा मिल सकता है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आज काम में आपको सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपके बढ़ते खर्चे समस्या का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। आज किसी संपत्ति का क्रय विक्रय जल्दबाजी में ना करें। आज राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा।

**तुला** – आज का दिन ताजगी से भरा रहने वाला है रहेगा। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, आज उन पर ज्यादा ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज आप अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरूरत है। इस राशि के जो लोग सरकारी विभाग में सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है, बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। आज छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको बढ़िया मुनाफा होगा। आज आधिकारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी।

**मकर** – आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। कर्मचारियों की वजह से सभी काम सुचारु रूप से चलते रहेंगे। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे।

## (कविता)

### मया- पिरीत बगरावत चल

जिनगी चार दिन
के मेला - झमेला
हांसत-गावत बितावत चल।
धन-दौलत के मोह छोड़के,
नेकी के रद्दा अपनावत चल।।
ऊँच-नीच के भेद भुलाके,
सब ला गला लगावत चल।
दुखिया मन के पीरा सुनके,
मया के मरहम लगावत चल।।
झूठ-कपट के डगर छोड़के,
सच के रद्दा बतावत चल।
टूटे मन के हिम्मत बनके,
आसा के दीया जलावत चल।।
भूखे ला रोटी, पियासा ला पानी
दान धरम कर जावत चल।
दुख-सुख के संगवारी बनके,
मया - पिरीत बगरावत चल।।
फूल जइसन महकत रहिबे तै,
कोन्हों ल, न
काँटा चुभावत चल।
नफरत के अँधियारी मिटाके
प्रेम के अंजोर फैलावत चल।।
धन-दौलत संग नइ जाही तोरे,
सत के रद्दा अपनावत चल।
पर हित बर करम कर अइसे,
जग म सुगंध महकावत चल।।



पप्पू पौर्वात्य कलिहारी
राजनांदगांव

# 19वें वर्ष में आस्था का विराट संगम : छुईखदान से 80 कांवड़िये बाबा बैद्यनाथ धाम रवाना, 'हर-हर महादेव' से गूंजा नगर

(नवीन चंद्राकर)

छुईखदान (दावा)। श्रद्धा, सेवा और संगठन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छुईखदान बोल बम समिति का 80 सदस्यीय कांवड़िया जत्था पवित्र बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर (झारखंड) के लिए उत्साह, भक्ति और उमंग के साथ रवाना हुआ। समिति ने इस वर्ष अपनी 19वीं वर्षगांठ के साथ एक और ऐतिहासिक पड़ाव तय किया। कभी केवल 7 शिवभक्तों के साथ शुरू हुई यह यात्रा आज 80 श्रद्धालुओं के विशाल परिवार का रूप ले चुकी है। जो वर्षों की निष्ठा, अनुशासन और भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था का जीवंत प्रमाण है। इस अवसर पर खैरागढ़ से विजय सोनी, छुईखदान से पिल्लू यादव एवं उनके गौसेवक साथियों ने भी यात्रा में शामिल होकर धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। रवानगी के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री डॉ. नवनीत जैन एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष भवेश कोचर ने सभी कांवड़ीयों को यात्रा बैग भेंटकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। वहीं भाजयुमो, मंडल छुईखदान ने श्रद्धालुओं को मेडिकल किट एवं ट्रेन यात्रा के लिए नाश्ता पैकेट वितरित कर सेवाभाव का परिचय दिया।





बोल बम समिति के अध्यक्ष संजय महोबिया ने बताया कि समिति पिछले 19 वर्षों से निरंतर बाबा धाम यात्रा का सफल आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक एकजुटता का महापर्व है। उन्होंने सभी सहयोगियों, शिवभक्तों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह पावन परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। समिति के वरिष्ठ सदस्य पीयूष महोबिया ने कहा कि वर्षों से जुड़े साथियों के समर्पण और अथक प्रयासों के कारण आज समिति एक मजबूत और प्रेरणादायी संगठन के रूप में स्थापित हुई है। भविष्य में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इस पवित्र यात्रा से जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। समिति के प्रारंभिक दौर से जुड़े संजय महोबिया, पीयूष महोबिया, प्रशांत महोबिया, सचिन महोबिया, शैलू महोबिया, मुकेश महोबिया, मनोज निषाद, सोहन पाल एवं पप्पू चंद्राकर सहित अनेक वरिष्ठ साथियों के योगदान को इस अवसर पर विशेष रूप से स्मरण किया गया। उनके समर्पण और संगठन क्षमता के कारण आज बोल बम समिति नगर की एक प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सामाजिक संस्था के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। इस वर्ष बाबा धाम यात्रा में भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंडल छुईखदान के कार्यकर्ता भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए हैं। इनमें मंडल अध्यक्ष नवीन चंद्राकर, महामंत्री विश्वनाथ चंद्राकर, शुभम चंद्राकर सहित अन्य युवा साथी बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक हेतु यात्रा पर रवाना हुए। रवानगी के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर सभी कांवड़ीयों का आत्मीय स्वागत किया तथा उनकी सुखद, सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। 19 वर्षों से निरंतर चल रही यह यात्रा आज छुईखदान में आस्था, सेवा, संस्कार और सामाजिक एकता की सशक्त पहचान बन चुकी है।

# 29 लाख की सड़क पर भ्रष्टाचार के आरोप : कांग्रेस के हंगामे के बाद सीएमओ ने रुकवाया निर्माण



खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका खैरागढ़ के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शहर के इतवारी बाजार स्थित रावण भांठा में लगभग 29 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से निर्माणाधीन सीसी सड़क (सीसीकरण) कार्य को लेकर कांग्रेस ने गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। रविवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का दल निर्माण स्थल पहुंचा। वहां काम की बदहाल स्थिति देख नेताओं ने विरोध दर्ज कराया और तत्काल रोक लगाने की मांग की। मामले की सूचना मिलते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पुनीत राम वर्मा ने अधिकारियों के निरीक्षण तक निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए। जिसके बाद फिलहाल काम बंद करा दिया गया है।

### छुट्टी के दिन मनमाने ढंग से हो रहा था निर्माण

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्य ठेकेदार सिद्धेश पारख द्वारा कराया जा रहा था, लेकिन मौके पर न तो नगर पालिका का कोई जिम्मेदार इंजीनियर/अधिकारी मौजूद था और न ही ठेकेदार। वहां केवल ठेकेदार का एक रिश्तेदार मौजूद था। जो गुणवत्ता से जुड़े सवालों का जवाब नहीं दे सका। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने कहा कि सरकारी अवकाश के दिन, जब अधिकारियों के निरीक्षण की संभावना शून्य रहती है। उस दिन निर्माण कराना गंभीर संदेह पैदा करता है। उन्होंने मौके से ही सीएमओ को फोन कर चेतावनी दी कि यदि तुरंत काम नहीं रोका गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठेंगे।

### संवेदनशील क्षेत्र में खिलवाड़, पहली ही बाढ़ में उखड़ जाएगी सड़क

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि रावण भांठा क्षेत्र हर वर्ष बाढ़ से भीषण प्रभावित होता है। पिछले वर्ष इसी स्थान पर बाढ़ के दौरान एक युवक की डूबने से मौत भी हो चुकी है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में यदि मानकों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण कराया जाएगा, तो पहली ही बाढ़ में सड़क बह जाएगी। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन एवं शहर महामंत्री शेखर दास वैष्णव ने कहा कि जनता के टैक्स के पैसों की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की।

### सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर घेरा

कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष और स्थानीय भाजपा पार्षद पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि रोज इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी उनकी आंखों के सामने गुणवत्ताहीन काम होता रहा। यदि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया तथा दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस उग्र जन-आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## पहला कॉलम...

# 'एक शाम रफी के नाम' का हुआ सफल आयोजन, युवाओं ने गीतों से दी संगीतमय श्रद्धांजलि

### अमर गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर 'मेरा दिल ये पुकारे आजा' ग्रुप ने सजाई सुरीली शाम




डोंगरगांव (दावा)। नगर के प्रख्यात संगीत प्रेमी ग्रुप 'मेरा दिल ये पुकारे आजा' के तत्वावधान में अमर पा पार्श्व गायक मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि सभा 'एक शाम रफी के नाम' का भव्य आयोजन किया गया।

शहर से लगे ग्राम माथलडबरी स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित इस सुरीली शाम में शहर के युवाओं ने अपनी मखमली आवाज़ में मो. रफी के कालजयी गीतों की प्रस्तुतियाँ देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य संयोजक विमल शर्मा ने किया। इस दौरान डोंगरगांव के युवा गायकों–योगेश जैन, सफीर अहमद, सुमीत जैन, अक्षय जैन, उज्जवल गुप्ता, प्रणय सोनी, शशांक खोब्रागड़े, इरफान बड़गुजर, अनिल साहू, आशीष जैन, विमल शर्मा, डॉ. अतुल गुप्ता, प्रियंक जैन, स्वतंत्र जैन एवं संतोष चक्रधारी ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

### संगीत प्रेमियों ने उठाया मधुर भजनों व गीतों का आनंद

संयोजक मंडल के सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने देर रात तक चले इस संगीतमय कार्यक्रम में मो. रफी के गानों और स्वादिष्ट भोजन का जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र जैन, प्रबोध जैन, रामकुमार गुप्ता, मनोज हेमनानी, दुलीचंद बोहरा, अभिलाष गुप्ता (आशु), अवि गुप्ता, हेमंत चोपड़ा तथा राहुल जैन सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी और नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रथम सावन सोमवार की पावन बेला पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने दी शुभकामनाएं

### भगवान भोलेनाथ की कृपा से हर घर में सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य और खुशहाली का हो वास



राजनांदगांव (दावा)। प्रथम सावन सोमवार के पावन अवसर पर राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने समस्त क्षेत्रवासियों, शिवभक्तों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की भक्ति, आस्था, तप, त्याग और आध्यात्मिक ऊर्जा का अत्यंत पवित्र पर्व है। प्रथम सावन सोमवार का यह शुभ अवसर प्रत्येक परिवार के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और मंगल लेकर आए। भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य, उत्तम स्वास्थ्य, सफलता एवं खुशहाली का संचार हो तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना निरंतर मजबूत होती रहे।

### सेवा, परोपकार और प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देता है सावन

प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कहा कि सावन का यह पावन महीना हमें केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रखकर सेवा, परोपकार, प्रकृत संरक्षण और उच्च आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना की कि वे सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करें तथा हमारा क्षेत्र, प्रदेश और देश निरंतर विकास, शांति और समृद्धि के पथ पर तेजी से अग्रसर रहे।

# जीवन रक्षा पदक पुरस्कार के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जीवन रक्षा पदक पुरस्कार के लिए संस्तुतियां व नामांकन प्रस्ताव राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://www.awards.gov.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की गई है। जीवन रक्षा पदक पुरस्कार किसी का जीवन बचाने के लिए प्रदान किया जाता है।

पुरस्कार सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक एवं जीवन रक्षा पदक श्रेणी में प्रदान किया जाता है। सशस्त्र बलों, पुलिस बलों एवं मान्यता प्राप्त अग्नि शमन सेवा सहित अन्य क्षेत्रों के तथा अन्य व्यक्ति पुरस्कार हेतु पात्र है। पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति 31 अगस्त तक जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में नामांकन प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है।

# वन विभाग की लापरवाही से मजदूर की मौत : ब्लॉक कांग्रेस ने की उच्च स्तरीय जांच व 10 लाख मुआवजे की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित ग्राम बाकलेडी निवासी मजदूर शिवचरण कुंजम की वन विभाग में गड्ढा खुदाई के दौरान समय पर इलाज न मिलने से दर्दनाक मौत हो गई। इस संवेदनशील मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ ग्रामीण ने वन विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

**गड्ढा खुदाई के दौरान शिवचरण कुंजाम की बिगड़ी थी तबीयत, समय पर वाहन न मिलने से 7 घंटे तड़पने के बाद तोड़ा दम**

ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने मृतक के परिजनों आनंदी कुंजम, मनी कुंजम एवं साथ में काम करने वाले प्रत्यक्षदर्शी मजदूरों कवल राम, हरिचंद, कृपा व सूरती से घटना की विस्तृत जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह 9 बजे खाना खाने के बाद शिवचरण कुंजम की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। साथियों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, लेकिन विभाग ने न तो एम्बुलेंस की व्यवस्था की और न ही कोई अन्य वाहन उपलब्ध कराया। गंभीर रूप से बीमार शिवचरण करीब 7 घंटे तक कार्यस्थल पर ही तड़पता पड़ा रहा।

शाम 4 बजे किसी तरह एक ट्रैक्टर की व्यवस्था हो सकी, जिससे उसे रानीगंज डिपो लाया गया। वहां से एम्बुलेंस द्वारा डोंगरगढ़ अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया।

### वन विभाग की आपराधिक लापरवाही, प्राथमिक उपचार किट तक नहीं थी

घटना की सूचना मिलने के 7 घंटे बाद तक कोई मेडिकल सहायता नहीं पहुंची। घटनास्थल पर डिप्टी रेंजर, रेंजर या बीट गार्ड में से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं था। सभी अधिकारी शाम 4 बजे के आसपास शव के साथ अस्पताल पहुंचे। कार्यस्थल पर प्राथमिक उपचार किट या आपातकालीन वाहन की कोई व्यवस्था नहीं थी। ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने कड़े शब्दों में कहा– यह सीधे-सीधे वन विभाग की आपराधिक लापरवाही है। अगर समय पर प्राथमिक उपचार और वाहन मिल जाता तो शिवचरण की जान बचाई जा सकती थी। इस मौत का पूरा जिम्मेदार वन विभाग है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें और चेतावनी

मृतक शिवचरण कुंजम की मौत के जिम्मेदार वन विभाग के दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। पीड़ित परिवार को शासन की ओर से तत्काल 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए। सभी वन क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के लिए कार्यस्थल पर प्राथमिक उपचार किट और आपातकालीन वाहन की व्यवस्था अनिवार्य की जाए।

# खैरागढ़ से एमपी-महाराष्ट्र को जोड़ने वाला पुल बना जानलेवा, प्रशासन बेखबर

खैरागढ़ (दावा)। शहर से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले दाऊचौरा स्थित अति-महत्वपूर्ण पुल की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। पूरी तरह जर्जर हो चुके इस पुल की हालत को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो शासन-प्रशासन यहाँ किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच अंतरराज्यीय आवागमन का यह प्रमुख जरिया लंबे समय से बदहाली का शिकार है।



इस पुल से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन और आम यात्री गुजरते हैं। इसके बावजूद इसकी स्थायी मरम्मत के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। पुल का ऊपरी हिस्सा जगह-जगह से उखड़कर जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुका है। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे हर पल गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**लोक निर्माण विभाग मरम्मत के नाम पर कर रहा खानापूर्ति, क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा जिम्मेदार तंत्र ?**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायतों और समाचार पत्रों में खबरें आने के बावजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) केवल औपचारिकता निभाते हुए हल्की-फुल्की मरम्मत कर इतिश्री कर लेता है। कुछ ही दिनों में गिट्टियाँ उखड़ जाती हैं और स्थिति जस की तस हो जाती है। नागरिकों ने मांग की है कि पुल की केवल पैचवर्क मरम्मत के बजाय व्यापक और स्थायी जीर्णोद्धार किया जाए।

### छात्र-छात्राएं परेशान, सत्ताधारी पार्षदों की चुप्पी पर उठे सवाल

इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। बारिश के दिनों में गड्ढों में भरा गंदा पानी गाड़ियों की आवाजाही से बच्चों के कपड़ों पर उछलता है, जिससे उन्हें रोज परेशानी झेलनी पड़ती है। हैरानी की बात यह है कि यह पुल दाऊचौरा क्षेत्र के जिन दो वार्डों के अंतर्गत आता है। वहां दोनों ही जगह सत्ताधारी दल के पार्षद हैं। उनका भी रोजाना इसी पुल से आना-जाना होता है, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस जनसमस्या से आंखें मूंद रखी हैं। हर बारिश में यही नारकीय स्थिति निर्मित होती है।

# बीजेभांठा स्कूल में विद्यार्थियों को मिला जीवन रक्षक 'स्वास्थ्य डेमो'



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बीजेभांठा में 1 अगस्त शनिवार को जीवन को बचाने के लिए एक स्वास्थ्य डेमो दिया गया। इस दौरान शाला में अपनी टीम के साथ पहुंचे विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. प्रियांक ठाकुर ने स्कूली बच्चों को कॉम्प्रेशन ओनली लाईफ सपोर्ट (सीओएलएस) एक डिमास्ट्रेशन दिया गया। इस प्रदर्शन में सिर्फ छाती पर हाथ द्वारा दबाव बना कर संभावित हार्ट अटैक में दिमाग तक खून के बहाव को स्थिर किया जा सकता है और कोई मेडिकल टीम आने तक किसी की जान बचाने की कोशिश की जा सकती है।

बता दें कि कुछ दिनों पूर्व इसी शाला के बच्चों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था और इस दौरान काफी बच्चे घायल हुए थे। इस पर डॉक्टर की टीम ने मधुमक्खियों के काटने पर त्वरित इलाज करने और संभावित सावधानियों पर बच्चों से चर्चा की गई। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव ने जीवन में समय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं स्टॉफ का पूर्ण सहयोग रहा। बच्चों ने इस अवसर पर अपने उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जनसमस्याओं को लेकर 10 अगस्त को मोहारा में विशाल चक्काजाम करेगा कांग्रेस

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गुरुवार को ग्राम ढारा स्थित पटेल भवन में डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी रणनीतियों और जनसमस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रियता से काम करने की अपील की गई। ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल और सेक्टर अध्यक्ष अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। हाईकमान के स्पष्ट निर्देश हैं कि बिना पूर्व सूचना के लगातार 3 बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।




**डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की बैठक संपन्न, बिजली कटौती, खाद के दाम और जर्जर सड़क को लेकर भरी हुंकार**

### बिजली कटौती, महंगे खाद व जर्जर सड़क पर आक्रोश

बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की ज्वलंत समस्याओं पर गहन मंथन किया गया। नेताओं ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से किसान व आम जनता परेशान है। वहीं बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को मनमाने व अत्यधिक बिल भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा, खरीफ सीजन में खाद की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि तथा सहकारी समितियों में बाजार से अधिक दाम वसूलने पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही मोहारा से सुकुलदैहान मार्ग के पूरी तरह जर्जर हो जाने से आवागमन में हो रही भारी दिक्कतों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा।

### 10 अगस्त को मोहारा में उग्र चक्काजाम

इन तमाम समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 10 अगस्त को मोहारा में एक विशाल चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा। इस प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार को किसानों, ग्रामीणों और आम जनता की पीड़ा से अवगत कराया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, प्रभारी हेमंत वैष्णव, ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल, जिला सचिव सुरेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरली वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष मुरली वर्मा, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष लालाराम वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष श्यामसाय टांडेकर, विश्राम वर्मा, संतोष हटीला, राजेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, राम सिंह वर्मा, राजा धृतलहरे, पारस टांडेकर, बाबूलाल लोधी, प्रीतम साहू, राजेंद्र मांडवी, नीरज कुमार वर्मा सहित बूथ अध्यक्ष नंदकुमार, दिनेश ठाकुर एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुआ सुंदरकांड पाठ



मोहला (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित रूद्रेश्वर महादेव मंदिर तेलीटोला में भक्तिमय वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आराधना की तथा सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए हनुमान जी के जयकारे लगाए। आयोजन के समापन पर महाआरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# 17 साल की तन्वी शर्मा बनी Taipei Open Super 300 जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी

नई दिल्ली। एक तरफ जहां कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय एथलीटों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ भारत की 17 साल 222 दिन की उम्र में युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया है। तन्वी शर्मा की फाइनल मैच में भिड़ंत वियतनाम की छठी वरीयता प्राप्त थुई लिन्ह एनगुएन से था जिनको उन्होंने सीधे 2 सेटों में 36 मिनट तक चले इस मुकाबले में खिताब को अपने नाम कर लिया। इसी के साथ तन्वी शर्मा साल 2008 में साइना नेहवाल के बाद इस टूर्नामेंट में महिला सिंगल्स का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय भी बन गई हैं।



ताइपे की ही ताई जू-यिंग का रिकॉर्ड तोड़ा
18 साल 85 दिन की उम्र में यह खिताब जीता था

भारत की उभरती बैडमिंटन युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा का ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स फाइनल मैच के दोनों सेटों में वियतनाम की खिलाड़ी थुई लिन्ह एनगुएन के खिलाफ दबदबा देखने को मिला। तन्वी ने इस खिताबी मैच के पहले सेट को जहां 21-16 के अंतर से अपने नाम किया तो वहीं दूसरा सेट भी 21-16 के अंतर से अपने करने के साथ मुकाबला 36 मिनट के अंदर ही खत्म कर दिया। तन्वी शर्मा इसी के साथ ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला सिंगल्स का खिताब जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गई हैं, जिसमें उन्होंने ताइपे की ही ताई जू-यिंग के रिकॉर्ड को तोड़ा है जिन्होंने 18 साल 85 दिन की उम्र में यह खिताब जीता था।

तन्वी शर्मा ने जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी तो उन्होंने कोरिया के महान युगल खिलाड़ी ली योंग डे को सबसे कम उम्र में फाइनल में जगह बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। तन्वी शर्मा उस भारतीय टीम की भी सदस्य थीं जिसने एशियाई टीम चैंपियनशिप में देश के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तन्वी वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। तन्वी 16 साल की उम्र में साल 2025 अमेरिकी ओपन में अपने पहले सुपर 300 फाइनल में पहुंचीं थी लेकिन उसे जीतने में कामयाब नहीं हो सकी थी।

# श्रीलंका दौरे से पहले टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, जसप्रीत बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर



नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। क्ष्ष्ष्ठ्ठ की मेडिकल टीम ने उनकी फिटनेस को देखते हुए उन्हें फिलहाल आराम देने का फैसला किया है। बुमराह इस साल ञ्20 वर्ल्ड कप के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और बोर्ड उनकी वापसी में किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता।

रिपोर्ट के मुताबिक, बुमराह इंग्लैंड दौरे के दौरान खेले गए दूसरे ODI के बाद से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। 16 जुलाई को कार्डिफ में खेले गए दूसरे ODI में फील्डिंग के दौरान उन्हें घुटने में चोट लगी थी, जिसके चलते वह लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और आखिरी ODI से भी बाहर हो गए थे।

इंग्लैंड दौरे के समाप्त होते ही क्ष्ष्ष्ठ्ठ की मेडिकल टीम ने उनके लंबे करियर को ध्यान में रखते हुए विशेष उपचार की योजना बनाई। इसी क्रम में बुमराह ने अपने घुटने में इंजेक्शन भी लिया और इस सप्ताह बेंगलुरु स्थित क्ष्ष्ष्ठ्ठ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट कराया। मेडिकल टीम का मानना है कि अगर वह अभी गेंदबाजी शुरू करते हैं तो चोट दोबारा गंभीर हो सकती है, जिससे उन्हें लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ सकता है। यही वजह है कि उन्हें श्रीलंका दौरे से बाहर रखने का फैसला किया गया। हालांकि, बुमराह की चोट की गंभीरता को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन यह साफ है कि सिलेक्टर्स और मेडिकल टीम उनके वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर बेहद सतर्क हैं। गौरतलब है कि ढ्ढक्करु 2026 से पहले भी वह फिटनेस क्लियरेंस के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे। उन्होंने ढ्ढक्करु में 13 मुकाबले खेले थे, लेकिन मुंबई इंडियंस के आखिरी मैच में हिस्सा नहीं लिया था।

# ई-केवाईसी एवं विवरण अपडेट महाअभियान श्रमिकों से शीघ्र जानकारी अद्यतन कराने की अपील

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी एवं विवरण अपडेट महाअभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य श्रमिकों के आधार कार्ड एवं श्रमिक पंजीयन में दर्ज विवरण का मिलान कर त्रुटियों का सुधार करना है, ताकि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक बिना किसी बाधा के पहुंच सके।

**नाम, जन्मतिथि, लिंग एवं मोबाइल नंबर की त्रुटियों का कराया जा सकेगा सुधार**

अभियान के अंतर्गत श्रमिक अपने पंजीयन में दर्ज नाम (हिंदी एवं अंग्रेजी), जन्मतिथि, लिंग (जेंडर) तथा मोबाइल नंबर में आवश्यक संशोधन करा सकते हैं। यदि आधार कार्ड और श्रमिक पंजीयन में दर्ज जानकारी में किसी प्रकार का अंतर है तो उसे आधार आधारित ई-केवाईसी के माध्यम से अद्यतन किया जाएगा। इसके लिए श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति तथा सहमति पत्र के साथ अपने निकटतम श्रम विभाग कार्यालय, जनपद पंचायत स्थित श्रम संसाधन केंद्र अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में संपर्क करना होगा। जहां निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर उनका विवरण अद्यतन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेजों का सत्यापन एवं आधार आधारित ई-केवाईसी समय पर पूर्ण कराएं, ताकि श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हितलाभों का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। अधिक जानकारी के लिए श्रमिक अपने निकटतम श्रम विभाग कार्यालय, जनपद पंचायत स्थित श्रम संसाधन केंद्र अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

# पोषण पुनर्वास केंद्र ने लौटाई बच्चों की मुस्कान



राजनांदगांव (दावा)। जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में जिला प्रशासन के निरंतर प्रयास सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से विकासखंड डोंगरगढ़ स्थित शासकीय अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों का प्रभावी उपचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब तक भर्ती किए गए 84 गंभीर कुपोषित बच्चों में से 71 बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। एनआरसी में बच्चों को निर्धारित अवधि तक विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में रखा गया। इस दौरान उन्हें संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आवश्यक दवाइयां, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा समुचित देखभाल उपलब्ध कराई गई। उपचार के परिणामस्वरूप बच्चों के वजन और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ। बच्चों को स्वस्थ होने के बाद उनके परिजनों के साथ घर भेजते समय उन्हें घर पर बच्चों के पोषण, स्वच्छता, स्तनपान एवं पूरक आहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई, ताकि बच्चे दोबारा कुपोषण की स्थिति में न पहुंचें। एनआरसी से डिस्चार्ज होने के बाद भी इन बच्चों की नियमित निगरानी की व्यवस्था की गई है। स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को बच्चों के वजन, स्वास्थ्य और पोषण स्तर पर सतत नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शीला थीज़न मेमोरियल हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने सैनिकों के लिए बनाई हस्तनिर्मित राखियां



राजनांदगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था शीला थीज़न मेमोरियल हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने सैनिकों के प्रति अपने सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता को व्यक्त करते हुए विद्यालय में हस्तनिर्मित राखी निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ लगभग 300 सुंदर हस्तनिर्मित राखियां तैयार की। जिन्हें रक्षा बंधन के अवसर पर देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों को भेजा जाएगा।

राखियों के साथ विद्यार्थियों ने सैनिकों के लिए भावपूर्ण धन्यवाद एवं शुभकामना संदेश भी लिखे। इन संदेशों के माध्यम से बच्चों ने देश की रक्षा में निरंतर समर्पित सैनिकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए उनके साहस, त्याग एवं बलिदान को नमन किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर इस अभियान में भाग लिया।

यह कार्यक्रम विद्यालय की एकेडमिक इंचार्ज सुश्री निहारिका मिश्रा के नेतृत्व एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल सदैव विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का पूर्ण प्रयास करता है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को एक जागरूक, जिम्मेदार एवं आदर्श भारतीय नागरिक बनने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाता है।

# गायत्री विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर तीन कुंडीय यज्ञ और विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचनबाग में गुरू पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में तीन कुंडीय यज्ञ हवन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने गुरू के नाम यज्ञ आहुतियां समर्पित किया और शिक्षकों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।



छात्राओं और छात्रों ने ली यज्ञ आहुतियां, मंत्रोच्चार के बीच नन्हें बच्चों का कराया गया अक्षर ज्ञान

यज्ञ हवन से सम्पूर्ण वातावरण दिव्य और पवित्र हो गया। इस शुभ बेला पर नवनिहालों का मंत्र उच्चारण कर कॉपी में ऊँ लिखाकर विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। शाला की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रमा तिवारी ने यज्ञ हवन कार्यक्रम को सम्पूर्ण करवाया और उन्होंने बच्चों को जानकारी दी कि महर्षि वेद व्यास जी ने वेदों का संकलन किया है, इसलिए उनके जन्मदिन को गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। सुश्री नैनी शुक्ला ने कहा कि शिक्षा हमें ज्ञान देती है और विद्या संस्कार देती है। शाला के वरिष्ठ शिक्षक भूपेन्द्र सिंह क्षत्रिय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरू का स्थान ईश्वर से बड़ा माना है। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने पूरे शाला परिवार को गुरू पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि जीवन में गुरू तीन होते हैं प्रथम गुरू माता-पिता, द्वितीय गुरू शिक्षक और तृतीय गुरू आध्यात्म गुरू जो हमें सत्य की राह पर चलना सिखाते हैं हमें अपने गुरू का सदैव आदर करना चाहिए। उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू ने कहा कि गुरू स्वयं को सुधारना और दूसरों को संभालना सिखाता है। शाला के समस्त शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थियों को अपना स्नेह आशीष दिया।

# कोपेडीह (टेडेसरा) में होगा श्री तुलसी जन्मोत्सव 22 अगस्त से

राजनांदगांव (दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला एवं ब्लॉक राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव 22 एवं 23 अगस्त को ग्राम कोपेडीह (राजनांदगांव) में भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। वहीं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मानस कथाकार पूज्य निरंजन महाराज सहित प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से प्रतिष्ठान के पदाधिकारी, मानस कथाकार, साहित्यकार एवं मानस मंडलियों का आगमन होगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोरो से चल रही है आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त आयोजन समिति एवं ग्रामवासी तन, मन और धन से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष सतानंद दुबे एवं रामखिलावन दुबे, जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू, कोषाध्यक्ष चरण पटेल, समन्वयक प्रवीण कौशिक एवं तोरण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राधेलाल यादव सहित एम.आर. पुनारद निर्मलबम, खोमराज पटेल, शत्रोहन साहू, रामबिलास साहू, श्रीमती सुशीला साहू, श्रीमती सविता यादव, श्रीमती रुचि साहू तथा प्रतिष्ठान के समस्त सदस्यों ने विभिन्न अतिथियों से सौजन्य भेंटकर उन्हें आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। सभी आमंत्रित अतिथियों ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सहमति प्रदान की है। प्रतिष्ठान ने समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस पुण्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम चरित मानस के आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के इस महायज्ञ में सहभागी बने।

## ज्योतिष चमत्कार ( 3 अगस्त 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 01 | 19 | 26 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 02 | 18 | 28 | 30 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 17 | 29 | 39 | 46 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 37 | 47 | 59 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 58 | 62 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 57 | 63 | 74 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 54 | 67 | 70 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 53 | 68 | 79 | 86 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 78 | 87 | 98 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 89 | 97 | 06 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 96 | 07 | 14 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 37 | 46 | 52 | 81 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 2 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 30 | 69 | 75 | 84 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 95 | 75 | 69 | 14 | 64 | 96 |
| 74 | 01 | 14 | 45 | 81 | 62 |
| 31 | 31 | 78 | 00 | 04 | 74 |
| 26 | 26 | 45 | 28 | 23 | 32 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 84 | 36 | 21 | 60 | 69 |
| 41 | 47 | 18 | 90 | 63 |
| 96 | 64 | 60 | 81 | 78 |
| 60 | 42 | 62 | 47 | 70 |

**जनवरी 2025 से अगस्त 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024-25 -22-86
2026-10-22-29-40-41-43-44-47-60-61-66-73-84-85-86-87-99-05-07-09
1-227-777 2-499-688-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88 2025- -24-49-88-99
2026-10-13-14-17-24-26-31-32-40-44-49-51-54-57-61-72-74-75-88-91-94-99-07-00
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-288-666, 9-117-577- 333, 0-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***भारत में ड्रग्स सप्लाई आतंकी साजिश का हिस्सा,....***

होते हैं। समाज का कर्तव्य है कि उनका अपमान करने के बजाय उन्हें अपनापन दे, उनका सम्मान करे और उन्हें जीवन में दूसरा अवसर दे। ड्रग्स से जुड़ा किसी व्यक्ति का बीता हुआ कल उसकी पहचान नहीं हो सकता, बल्कि उसका साहस उसकी असली पहचान है।

***प्रेस कॉन्फ्रेंस में पप्पू यादव पर चाकू से हमला,....***

था. इस प्रदर्शन में पप्पू यादव खुद भगवा चोला पहनकर और माथे पर तिलक लगाकर एक फर्जी 'पुजारी' बने थे, जो दान पेटी में आने वाले चढ़ावे को चुराकर अपनी जेब में रख रहे थे. इस नाटकीय प्रदर्शन को लेकर हिंदू संगठनों और संत समाज ने गहरी नाराजगी जताई थी और सनातन धर्म व भगवा वस्त्रों का अपमान करने के आरोप में पप्पू यादव के खिलाफ दिल्ली और वाराणसी समेत कई शहरों में एफआईआर दर्ज कराई गई थीं.

***बाबा बागेश्वर पर करोड़ों की जमीन औने-पौने पर...***

भी प्रभावित किया गया। बाबा बागेश्वर का बयान धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने परिवार और भाई से जुड़े ऐसे मामलों पर पहले ही स्पष्ट किया है कि उनका अपने भाई के व्यक्तिगत कृत्यों या विवादों से कोई लेना-देना नहीं है और प्रशासन इस पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

***नई उड़ान, पुणे रोड शो से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार.....***

संयुक्त प्रचार और व्यावसायिक सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इससे भविष्य में पर्यटन कारोबार और पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

**पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने दिया सहयोग का आह्वान :** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि मंडल का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को भारत के सबसे आकर्षक पर्यटन स्थलों में शामिल करना है। उन्होंने होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंटों और टूर ऑपरेटरों से अपील की कि वे राज्य की पर्यटन संभावनाओं को देश और विदेश तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी हितधारकों को छत्तीसगढ़ आकर यहां की प्राकृतिक सुंदरता और विशिष्ट पर्यटन अनुभवों को स्वयं देखने का भी आमंत्रण दिया।

**पर्यटन अधोसंरचना लगातार हो रही मजबूत :** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि राज्य में पर्यटन सुविधाओं और अधोसंरचना को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए कई नई पहलें शुरू की गई हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के ट्रैवल ट्रेड से जुड़े प्रतिनिधियों से राज्य के विभिन्न पर्यटन सर्किटों के प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की।

**पर्यटन उद्योग को मिलेगा नया बाजार :** छत्तीसगढ़ ट्रैवल ट्रेड

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

एसोसिएशन के अध्यक्ष जसप्रीत सिंह भाटिया ने कहा कि पर्यटन मंडल के साथ बेहतर समन्वय से राज्य की जनजातीय संस्कृति, वन्यजीव, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोड शो पर्यटन उद्योग के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा करने के साथ-साथ राज्यों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को भी मजबूत करते हैं।

**नेटवर्किंग डिनर में निवेश पर चर्चा :** कार्यक्रम का समापन नेटवर्किंग डिनर के साथ हुआ, जहां पर्यटन क्षेत्र में संभावित निवेश, संयुक्त टूर पैकेज, प्रचार-प्रसार और भविष्य की साझेदारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे।

**आठ शहरों में हो रहे हैं पर्यटन रोड शो :** पुणे रोड शो, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत देश के प्रमुख शहरों में कुल आठ पर्यटन रोड शो आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक दिल्ली, भुवनेश्वर और पुणे में सफल आयोजन हो चुके हैं। आगामी महीनों में अन्य बड़े शहरों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजार में छत्तीसगढ़ की मजबूत ब्रांडिंग करना और राज्य को प्रकृति, संस्कृति, विरासत, धार्मिक तथा एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

**पर्यटन से रोजगार और निवेश पर सरकार का फोकस :** राज्य सरकार का मानना है कि पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, होटल, ट्रांसपोर्ट, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यवसायों को नई गति मिलेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग लगातार ऐसी पहल कर रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचान देश-दुनिया में और मजबूत हो सके।

***नीट टॉपर्स से बोले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय- अच्छे...***

बस्तर में नक्सलवाद समाप्त होने के बाद पर्यटन और रोजगार की नई संभावनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पर्यटन, उद्योग और कृषि क्षेत्र में बड़े निवेश के जरिए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ा रही है। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाओं की भी जानकारी दी।

***आत्मघाती हमला : खैबर पख्तूनख्वा में धमाका,....***

में भर्ती कराया गया। पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पिछले कुछ समय से लगातार आतंकी गतिविधियों का सामना कर रहा है। खासकर स्वात और आसपास के इलाकों में सुरक्षा हालात बिगड़े हैं। इसी वजह से स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में शांति और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर यह रैली आयोजित की थी।

***पीओके में बवाल के बीच पाक गृहमंत्री का विवादित....***

ध्यान नहीं मिला है। कुछ विदेशी मीडिया संस्थानों ने इस घटनाक्रम को प्रमुखता से कवर किया, लेकिन व्यापक वैश्विक प्रतिक्रिया सीमित रही। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में अपने ही नागरिकों के खिलाफ बल प्रयोग की घटनाओं पर अपेक्षाकृत कम अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया देखने को मिली है। वहीं, यह सवाल भी उठ रहा है कि पाकिस्तान के भीतर आम लोग इन विरोध प्रदर्शनों और सरकारी कार्रवाई को किस नजरिए से देख रहे हैं।

***एनालॉग पनीर का प्रोडक्शन बंद : मक्खन-दही...***

विनिर्माण/संग्रहण या विक्रय होना नहीं पाया गया है। सभी निर्माताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राज्य में एनालॉग के प्रतिषेध आदेश का पूर्णतः पालन करे अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अतर्गत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही जिन निर्माता फर्मों के लाइसेंस में ऐसे प्रतिषेध उत्पाद अंकित हैं, उन्हें आवश्यक संशोधन कराते हुए नियमानुसार अनुपालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**जमाखोरी की आशंका भी :** एनालॉग पर प्रतिबंध की खबर पहले ही लीक होने की वजह से इस सस्ते पनीर की जमाखोरी की आशंका भी है। जानकारों का कहना है कि बड़ी मात्रा में पनीर की खपत करने वाले होटलों और रेस्टोरेंट में इसका स्टॉक सुरक्षित किया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि इस संदेह के आधार पर आने वाले दिनों में ऐसे संस्थानों को जांच के दायरे में लाया जा सकता है। राजधानी समेत प्रदेश में पिछले कुछ सालों से स्ट्रीट फूड का चलन बढ़ा है। इसमें पावभाजी का व्यापार भी फल फूल रहा है जो अपने ग्राहकों को जमकर मक्खन परोस रहे हैं। इन सब बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए दुग्ध उत्पाद होने का अहसास कराने वाले मिल्क पॉवडर और पाम ऑयल से बनने वाले उत्पादों को प्रतिबंधित किया गया है।

**कड़ी कार्रवाई होगी-** दीपक अग्रवाल : खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने बताया कि, प्रतिबंधित वस्तुओं का अगर निर्माण करते कोई पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मैदानी अमले को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि इनका निर्माण और बिक्री पर नजर रखे।

# सावन के प्रथम सोमवार को स्वयंभू शिवलिंगेश्वर भाठागांव में गुंजायमान होगा 'नमः शिवाय'

राजनांदगांव (दावा)। शहर से कुछ ही दूरी पर ग्राम गठुला-भेड़ीकला के समीप स्थित प्रसिद्ध शिवधाम ग्राम भांठागांव में श्रावण मास के प्रारंभ होते ही भुईफोर (प्राकृतिक रूप से प्रकट) भगवान श्री शिवलिंगेश्वर की विशेष पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। सावन मास के प्रथम सोमवार को भगवान स्वयंभू लिंगेश्वर का महारुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन संपन्न होगा। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में महामृत्युंजय मंत्र, महाकाल जाप और 'नमः शिवाय' का महामंत्र गूंज उठेगा।



**श्रावण मास भर शिव रुद्राभिषेक संग बहेगी श्रद्धा-विश्वास की धारा, शिवधाम में बना रहेगा भक्तिमय माहौल**

### चमत्कारी शिवलिंग, आसपास निर्द्वंद्व विचरण करते हैं नागदेवता

प्राकृतिक हरियाली के बीच खेत में प्रकट हुए भगवान स्वयंभू लिंगेश्वर धाम के पुजारी विजेंद्र दास ने बताया कि श्रावण मास में इस चमत्कारी शिवलिंग का दर्शन करने प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने बताया कि इस धाम की विशेष महिमा है कि भगवान स्वयंभू लिंगेश्वर से लिपटे रहने वाले नागदेवता व सर्पराज आसपास निर्द्वंद्व विचरण करते हैं, लेकिन आज तक उन्होंने किसी भी भक्त को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक सावन सोमवार को भंडारा व प्रसादी वितरण का आयोजन किया जा रहा है।

### स्पर्श करने पर महसूस होती है हृदय जैसी धड़कन

मंदिर समिति से जुड़े चिरंजीव सिन्हा, वीरेंद्र चौहान, पुष्पा चौहान, देवाशीष, रुद्र विकास चौधरी, अरुण दामले व उपेंद्र कुमार ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों से शिवभक्त नदियों और सरोवरों से कांवड़ में जल लाकर शिवलिंग पर अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेत से प्रकट हुए इस चमत्कारी भुईफोर शिवलिंगेश्वर को स्पर्श करने पर हृदय जैसी धड़कन (स्पंदन) महसूस होती है। जिसे अनुभव कर श्रद्धालु अभिभूत हो जाते हैं। ग्राम के खेमलाल, इनेश्वर साहू, यशवंत, कुलेश्वर, चमन साहू, खेमंत, भागीरथी एवं नरोत्तम साहू ने बताया कि स्वयंभू शिवलिंगेश्वर के चमत्कारों के कारण दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और मनोवांछित फल प्राप्त कर रहे हैं।

# जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड निपुन जांच शिविर संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड निपुन जांच शिविर का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित किया गया। शिविर में जिले से 161 स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं 18 स्काउट गाईड प्रभारी सहित राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास के 41 स्काउट गाइड रोवर रेंजर व सर्विस के रूप में 13 रोवर रेंजर ने प्रतिभागिता की। शिविर में नियम शिविर उद्देश्य टोली विभाजन कर प्रथम सोपान से तृतीय सोपान तक स्काउट गाइड तथा प्रवेश से निपुण तक के निर्धारित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई तथा जांच परीक्षा ली गई। शिविर के दौरान स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। स्काउट गाइड रोवर रेंजरों ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर का दर्शन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण किया गया।

# मधु खण्डेलवाल बनीं सनातन धर्म की शहर अध्यक्ष, 9 अगस्त को जलाराम मंदिर में होगी बाबा महाकाल की भव्य आरती



**सनातन धर्म महासभा की बैठक में हुआ कार्यकारिणी का गठन, 56 भोग महाप्रसाद का होगा वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा की एक आवश्यक बैठक कैलाश नगर स्थित जलाराम मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसहमति से तथा प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, महिला प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा एवं प्रदेश संरक्षक शारदा तिवारी की पूर्ण सहमति से मधु खण्डेलवाल को सनातन धर्म का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और समाज को एकजुट करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की अपील की गई।

सनातन धर्म (महिला विंग) की नई कार्यकारिणी में शहर अध्यक्ष मधु खण्डेलवाल, संयोजिका रेखा सिंह, सचिव उषा खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं दीपा खण्डेलवाल, सहसचिव पुष्पा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विद्या पांडेय, सांस्कृतिक प्रभारी रचना महेश एवं टीना खण्डेलवाल, मीडिया प्रभारी प्रीति जोशी एवं कार्यकारिणी सदस्यों में गायत्री अग्रवाल, तृप्तीकर मंडे, प्रीति तिवारी, श्यामा गुप्ता, अर्चना खण्डेलवाल, प्रगति खण्डेलवाल, शोभा गुप्ता, अन्नू गुप्ता, उषा गुप्ता एवं अनिता खण्डेलवाल आदि है।

शहर अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन माह के पावन अवसर पर सनातन धर्म महासभा द्वारा दिनांक 9 अगस्त (रविवार) को शाम 6 बजे कैलाश नगर स्थित जलाराम मंदिर में भगवान श्री महाकाल जी की मधुर संगीत के साथ संगीतमय आरती एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर बाबा महाकाल को 56 भोग अर्पित कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। संस्था की ओर से सभी सनातनी बंधुओं, माताओं व बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई है। मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, मौसमी शर्मा, शारदा तिवारी, सुषमा सिंह, ममता शर्मा, पायल शर्मा, ममता सोनी, दीपा गुरू, मीना पाण्डे, रंजना शर्मा, मधु अग्रवाल तथा शहर अध्यक्ष मनोज शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने हर्ष जताते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# विधायक भोलाराम साहू ने पेंशनर्स एसो. संघ भवन का किया भूमिपूजन



छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया में पेंशनर्स एसोसिएशन संघ भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**संघ भवन बनने से पेंशनर्स को सामाजिक गतिविधियों और बैठकों के लिए मिलेगा स्थायी स्थान**

कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत भूमिपूजन कर संघ भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा पेंशनर्स को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि पेंशनर्स समाज के अनुभवी एवं सम्मानित नागरिक हैं। उनके अनुभव और योगदान का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि संघ भवन के निर्माण से पेंशनर साथियों को बैठक, सामाजिक गतिविधियों तथा संगठनात्मक कार्यों के संचालन के लिए एक बेहतर एवं स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन पेंशनर्स के बीच संवाद, सहयोग और सामाजिक सहभागिता को नई मजबूती प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में पेंशनर संघ के अध्यक्ष कोल्हूराम साहू ने भवन निर्माण के लिए सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे पेंशनर्स के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष प्रताप धावड़े, जिला कांग्रेस महामंत्री राजू सिन्हा, पार्षद सोनू खान, पार्षद रोशन रजक, वसीम खान, पेंशनर संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# डीसीएचबी के संबंध में प्रशिक्षण संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत जिला हस्त पुस्तिका (डीसीएचबी) हेतु ग्राम एवं नगर निर्देशिका आंकड़ों के संकलन एवं संचयन का कार्य माह अगस्त-सितंबर में सम्पादित किया जाएगा। सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय एवं राज्य स्तरीय ट्रेनर कविन्द्र रंगारी द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला हस्त पुस्तिका कार्य के संबंध में नगरीय निकायों के क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

# आगरा की पहली 'टॉप ग्रेड' कलाकार बनी कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा

**दिल्ली आकाशवाणी ने प्रदान किया सर्वोच्च ग्रेड, खैरागढ़ विश्वविद्यालय परिवार सहित कला जगत में खुशी की लहर**



खैरागढ़ (दावा)। राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा को सितार वादन के क्षेत्र में उनके अत्यंत उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली आकाशवाणी द्वारा भारत का सर्व-प्रतिष्ठित 'टॉप ग्रेड आर्टिस्ट' का खिताब प्रदान किया गया है।

इस उपलब्धि के साथ वे आगरा की पहली कलाकार बन गई हैं। जिन्हें यह सर्वोच्च ग्रेड प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व वे प्रथम डी.लिट. सितार वादिका के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकी हैं। संगीत शिक्षा, शोध और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाली प्रो. शर्मा ने 13 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया है तथा जेल बंदियों और मानसिक स्वास्थ्य के लिए म्यूजिक थेरेपी पर प्रभावी कार्य किया है।

### शैक्षणिक, प्रशासनिक और बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी नवाचार

विश्वविद्यालय में कुलपति का दायित्व संभालने के बाद प्रो. शर्मा ने संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता और 'ए ग्रेड' की दिशा में अग्रसर किया है। उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां है। जिनमें पारदर्शी व त्वरित पीएच.डी. प्रवेश प्रक्रिया, समयबद्ध परीक्षा परिणाम, एनईपी-2020 का प्रभावी क्रियान्वयन तथा राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 32 तक पहुंच गई है। वर्षों से बंद ऐतिहासिक राधा-कृष्ण मंदिर और राजमहल के प्रथम तल का पुनरुद्धार। इसके अलावा 55-सीटर एसी बस और नई एम्बुलेंस की स्वीकृति। विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तित कर 'राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय' किए जाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई।

### सांस्कृतिक पुनरुत्थान और प्रमुख आयोजन

तीन वर्षों से स्थगित खैरागढ़ महोत्सव का सफल पुनः आयोजन उनके कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि रहा। इसके अलावा महाशिवरात्रि पर 12 घंटे का अखंड घुंघरू नाद, 4 वर्षों से लंबित 17वें दीक्षांत समारोह का सफल आयोजन, श्रुति मंड%, निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कला शिविर तथा सेंट्रल जोन युवा उत्सव में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त करना विश्वविद्यालय के बढ़ते कदमों को दर्शाता है। संगीत साधना, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में प्रो. लवली शर्मा को मिले इस राष्ट्रीय सम्मान से खैरागढ़ विश्वविद्यालय परिवार और पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है।

# जगदंबा सोलर के संचालक आयुष खेमका बने इमर्जिंग स्टार 2026

डोंगरगढ़ (दावा)। दुर्ग, राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में टाटा सोलर रूफटॉप के अधिकृत चैनल पार्टनर जगदंबा सोलर के संचालक आयुष खेमका को राजधानी रायपुर के सयाजी होटल में आयोजित दो दिवसीय सोलर एंड स्टोरेज एक्सपो छत्तीसगढ़-2026 में इमर्जिंग स्टार 2026 छत्तीसगढ़ सम्मान से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें सोलर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, गुणवत्तापूर्ण इंस्टॉलेशन और ग्राहकों के बीच विश्वसनीयता कायम करने के लिए रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ सोलर संगठन के अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।




**उत्कृष्ट कार्यों और गुणवत्तापूर्ण इंस्टॉलेशन के लिए सोलर एंड स्टोरेज एक्सपो में मिला प्रतिष्ठित सम्मान**

### एक माह में 50 से अधिक सफल इंस्टॉलेशन का कीर्तिमान

आयुष खेमका, वरिष्ठ पत्रकार गोपाल खेमका के सुपुत्र हैं और अपने मामा प्रमोद अग्रवाल के साथ मिलकर क्षेत्र में टाटा सोलर रूफटॉप परियोजनाओं का सफल संचालन कर रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार उन्हें यह सम्मान मात्र एक माह में 50 से अधिक सफल सोलर इंस्टॉलेशन। उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग और तकनीकी मापदंडों का पूर्ण पालन। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को पीएम सूर्य घर योजना व शासकीय सब्सिडी की पारदर्शी जानकारी देकर सोलर ऊर्जा से जोड़ना।

0 युवा उद्यमियों की सफलता अक्षय ऊर्जा को दे रही नई दिशा : विधायक पुरंदर मिश्रा

समारोह में विधायक पुरंदर मिश्रा ने आयुष खेमका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा युवा उद्यमियों की सफलता प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र को नई दिशा दे रही है। गुणवत्ता और समर्पण के साथ किया गया कार्य छत्तीसगढ़ में सोलर ऊर्जा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 29 और 30 जुलाई को आयोजित इस एक्सपो में छत्तीसगढ़ के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, असम, उत्तराखंड और दिल्ली सहित कई राज्यों से सोलर कंपनियों के प्रतिनिधि, निर्माता व तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। प्रदर्शनी में आधुनिक सोलर तकनीकों और ऊर्जा भंडारण समाधानों पर मंथन किया गया।

# संसार रूपी सागर को पार करने गुरु की शरण में जाना होगा : स्वामी आनंद चैतन्य

राजनांदगांव (दावा)। आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती के पावन सानिध्य में 'गुरुदेव भक्त मंडल' के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव राजनांदगांव के श्री अग्रसेन भवन में अत्यंत हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य स्वामी आनंद चैतन्य जी महाराज द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जी एवं अपने परमपूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन त्रिजनानंद जी सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन-अर्चन कर किया गया।




**अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास व भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव**

गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा कि संसार रूपी सागर अत्यंत भयंकर है और इसमें गोते खा रहे मनुष्य को पार उतरने के लिए गुरु की शरण में जाना ही एकमात्र मार्ग है। जिस प्रकार कुएं से पानी भरने के लिए बाल्टी को झुकना पड़ता है, ठीक उसी तरह मनुष्य यदि गुरु के समक्ष पूर्ण समर्पण के साथ झुक जाए, तो गुरु की असीम कृपा से वह भवसागर पार कर लेता है। हनुमान चालीसा के प्रथम दोहे में भी गुरु चरणों की रज (धूल) को मस्तक पर लगाने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–इन चारों फलों की प्राप्ति का मार्ग बताया गया है। स्वामी जी ने पंचदशी वेदांत की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि गुरु चरण का मुख्य कार्य मनुष्य के भीतर के मोह, ममता, पाप और आसक्ति जैसे विकारों को समाप्त करना है।

### गुरु पादुका पूजन और महाप्रसाद का वितरण

गुरु आशीर्वचन के पश्चात अग्रसेन भवन में उपस्थित सैकड़ों शिष्यों ने पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी जी के चरणों का पूजन कर अपनी श्रद्धा-भेंट समर्पित की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने गुरु प्रसादी ग्रहण की। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया एवं लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि इस महोत्सव में राजनांदगांव के अलावा दिल्ली, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, खैरागढ़, उसरीबोड, मोहड़ इत्यादि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिष्यगण पहुंचे। सभी श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुदेव भगवान के समक्ष अर्जी लगाकर अपने और परिवार के कल्याण की कामना की।

# पोषण पुनर्वास केंद्र ने लौटाई बच्चों की मुस्कान

डोंगरगढ़(दावा)। जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में जिला प्रशासन के निरंतर प्रयास सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।



**डोंगरगढ़ एनआरसी में उपचार से 84 में से 71 गंभीर कुपोषित बच्चे हुए स्वस्थ**

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से विकासखंड डोंगरगढ़ स्थित शासकीय अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों का प्रभावी उपचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब तक भर्ती किए गए 84 गंभीर कुपोषित बच्चों में से 71 बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। एनआरसी में बच्चों को निर्धारित अवधि तक विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में रखा गया। इस दौरान उन्हें संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आवश्यक दवाइयां, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा समुचित देखभाल उपलब्ध कराई गई। उपचार के परिणामस्वरूप बच्चों के वजन और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ। बच्चों को स्वस्थ होने के बाद उनके परिजनों के साथ घर भेजते समय उन्हें घर पर बच्चों के पोषण, स्वच्छता, स्तनपान एवं पूरक आहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई, ताकि बच्चे दोबारा कुपोषण की स्थिति में न पहुंचें।एनआरसी से डिस्चार्ज होने के बाद भी इन बच्चों की नियमित निगरानी की व्यवस्था की गई है। स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को बच्चों के वजन, स्वास्थ्य और पोषण स्तर पर सतत नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विकासखंड डोंगरगढ़ में कुपोषण उन्मूलन के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा। चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को समय पर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार एवं पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि प्रत्येक बच्चा स्वस्थ, सुपोषित और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सके।

# बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव ने की पूर्व सांसद से सौजन्य भेंट



राजनांदगांव (दावा)। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव की सम्पूर्ण कार्यकारिणी ने विधानसभा अध्यक्ष निवास पहुंचकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से सौजन्य भेंट की।

मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने समिति के अध्यक्ष राजकुमार (राजू) बारमाटे एवं समस्त कार्यकारिणी का पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बौद्ध समाज को नई दिशा में आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एकता एवं जागरूकता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से समाज की मूलभूत आवश्यकताओं, सामाजिक गतिविधियों के विस्तार तथा जाति प्रमाणपत्र बनने में आ रही समस्याओं से पूर्व सांसद को अवगत कराया गया। इस संबंध में आवश्यक पहल करने का अनुरोध भी किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे, डीपी लोन्हारे, देवपाल रामटेके, अमरसिंह वासनिक, सेवक मेश्राम, एस.के. भलाधरे, रविन्द्र रामटेके, संतोष बौद्ध, दिलीप डोंगरे एवं पीयूष ऊके उपस्थित रहे। समिति ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के आत्मीय स्वागत एवं समाजहित में सकारात्मक संवाद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# गीत-संगीत के बिना जीवन अधूरा : लाल जे.के. वैष्णव

छुईखदान (दावा)। न्यू म्यूजिकल ग्रुप कराओके आर्केस्ट्रा छुईखदान द्वारा 31 जुलाई को मोहम्मद रफी के पुण्यतिथि पर फोटो में माल्यार्पण व गुलाल लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संगीत संध्या आयोजित हुआ। युवा कलाकारों ने मो. रफी के गीतों को गाया। जिसमें डीके नामदेव, कमलेश यादव, मानिक श्रीवास, राजकुमार वैष्णव, दीपाली सोनी, अशोक चन्द्राकार, महेश वैष्णव, उदय चंदेल आदि ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी।



**छुईखदान में मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि, सुमधुर गीतों पर देर रात तक झूमे श्रोता**

वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के. वैष्णव ने कहा कि गीत संगीत बिना जीवन अधूरा है। मो. रफी के गाये भजन, गीत मनमोहक हृदयस्पर्शी, प्रसन्नता, उमंग प्रदान करता है। इस अवसर पर दिलीप वैष्णव, दीपक वैष्णव, प्रदीप श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव डब्बू, भुवन साहु, प्रेम श्रीवास राधे, बसंत यादव, अंशुल दीपाली सोनी, वीरेंद्र जैन, डॉ. भद्र, ए अग्रवाल, निखिल सोनी, लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव, मधुमंगल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण झूमे। मो. रफी के झिलमिल सितारों का आंगन होगा... वादियां मेरा दामन रास्ते मेरी राहें, जनम-जनम का साथ है... निभाने को सौ-सौ बार, ये माना मेरी जान मोहब्बत सजा है मगर, चुरा लिया है दिल को, वादा कर ले साजना आदि बहुत सारे गीतों को अपने आवाज में गाया।

# सद्गुरु कबीर जी को 'साहेब' का गरिमामय संबोधन देने संसद में उठाएंगे मांग : संतोष पांडे









राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली को इस बार संस्कारधानी में एस.के.डी.वी. मिशन एवं पर्यावरण नव-जागरण सभा के तत्वावधान में बड़े ही धूमधाम के साथ 'वृहद हरेली महोत्सव' के रूप में मनाया गया। स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। लोक तिहार हरेली पर्व के उपलक्ष्य में रविवार 2 अगस्त को आयोजित इस महोत्सव में सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरुणा साहू की पंडवानी, हिमानी वासनिक के भरथरी गायन एवं महिलाओं के सुआ नृत्य ने समां बांध दिया। इस दौरान पारंपरिक खेल कबड्डी, खो-खो, रस्सा-खींच और फुगड़ी का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। इससे पूर्व ग्राम टेडेसरा स्थित कबीर आश्रम में पौधरोपण के बाद शहर में निकाली गई भव्य मोटर साइकिल रैली मुख्य आकर्षण रही।

### कबीर साहेब के सम्मान व अवकाश के लिए करेंगे प्रयास : सांसद संतोष पाण्डेय

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने जनसमूह को संबोधित करते हुए आयोजन समिति की मांग पर सद्गुरु कबीर जी के प्रकटोत्सव पर शासकीय अवकाश घोषित कराने तथा संत कबीर दास के स्थान पर 'सद्गुरु कबीर साहेब' का गरिमामय संबोधन दिलाने हेतु संसद में आवाज उठाने और प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनका गृह ग्राम कवर्धा गुरु गद्दी के रूप में विख्यात है। जिसे संत कबीर जी के नाम पर कबीरधाम के रूप में जाना जाता है, जो संपूर्ण प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### शहर में बनेगा भव्य कबीर द्वार, बांटे गए 1000 पौधे

पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने कबीर साहेब को महान समाज सुधारक बताते हुए घोषणा की कि शहर में उनके सम्मान में एक भव्य 'कबीर द्वार' का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण नव-जागरण के इस आयोजन हेतु

- शहर में बनेगा भव्य कबीर द्वार: मधुसूदन यादव
- कबीर साहेब के मार्ग पर चल रहा समाज- अभिषेक सिंह

1000 पौधे उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि शहर में हरियाली का संदेश प्रसारित हो सके।

### कबीर साहेब के दिखाए मार्ग से ही समाज का कल्याण

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में आयोजकों एवं कबीर अनुयायियों को बधाई देते हुए कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब के बताए सत्य, करुणा और समानता के मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण संभव है। कार्यक्रम का सफल संचालन व स्वागत संबोधन मिशन के महासचिव एमन दास ने किया। व्यवस्था बनाने में प्रगतिशील कृषक बिसेसर दास साहू व जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू सहित अनेक सदस्य जुटे रहे। अंत में बस्तर के लोक पारंपरिक नृत्य एवं यादव समाज के बांस गीत के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर डोंगरगांव नगर पालिका अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व सभापति शिव वर्मा, भाजपा नेता मोनू बहादुर, गोलू गुप्ता, सुमीत भाटिया, महंत आरती दास, प्रमोद साहू, भागवत साहू (पूर्व अध्यक्ष जिला साहू समाज) सहित बड़ी संख्या में कबीर पंथी एवं नागरिक उपस्थित थे।

# जयस्तंभ चौक से शुरू हुआ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान, पहले दिन 227 लोगों ने दिया समर्थन





राजनांदगांव (दावा)। महंगी बिजली, लगातार बढ़ती बिजली दरों, स्मार्ट मीटर की बाध्यता और 'बिजली बिल हाफ' योजना को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जिलेव्यापी हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया। अभियान के पहले दिन कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में पहुंचे, जहां व्यापारियों और आम नागरिकों ने स्वस्फूर्त समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किए। पहले ही दिन 227 लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बिजली उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है। सरकार अब तक पांच बार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर चुकी है, जिससे घरेलू, गैर-घरेलू और कृषि उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले दो महीने तक कांग्रेस हर वार्ड में घर-घर जाकर हस्ताक्षर जुटाएगी। इसके बाद इन आवेदनों के साथ

**बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और दरों में वृद्धि के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस ने खोला मोर्चा**

मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा।

### जयस्तंभ चौक से मुख्य बाजारों तक पहुंचा कांग्रेसी दल

अभियान की शुरुआत ऐतिहासिक जयस्तंभ चौक से हुई। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम जूनी हटरी, गुड़ाखू लाइन, सिनेमा लाइन और मानव मंदिर चौक पहुंची। इस दौरान दुकानों और घरों में जाकर लोगों को बिजली दरों में वृद्धि और स्मार्ट मीटर की कमियों के प्रति जागरूक किया गया।

### व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने बयां की अपनी पीड़ा

अभियान के दौरान छोटे और बड़े व्यापारियों ने बढ़ती बिजली दरों पर भारी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि महंगी बिजली से व्यापार की लागत बढ़ रही है। कई लोगों ने भूपेश सरकार के समय संचालित 'बिजली बिल हाफ योजना' की सराहना करते हुए उसे अविलंब लागू करने की मांग की। वहीं, आम उपभोक्ताओं ने बताया कि जून महीने में अपेक्षा से कहीं अधिक बिल आए हैं और स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, हेमा देशमुख, सुदेश देशमुख, मेहुल मारू, आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, रूपेश दुबे, राकेश जोशी, रमेश डाकलिया, हरिनारायण धकेता, इकरामुद्दीन सोलंकी, रूबी गरचा, अशोक पंजवानी, मामराज अग्रवाल, अब्बास खान, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, कुसुम दुबे, प्रेम रूचंदानी, विनय झा, वीरेंद्र चंद्राकर, मनीष गौतम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आज शहर निकलेगी भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की प्रथम सावन सोमवार पालकी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। सावन माह के प्रथम सोमवार (3 अगस्त) को आज भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। महाकाल सेना भक्त मण्डल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने संस्कारधानी वासियों से बड़ी संख्या में पालकी यात्रा में शामिल होकर भगवान चंद्रमौलेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

महाकाल सेना के अनुसार पालकी यात्रा आज दोपहर 1 बजे नंदई हाट बाजार से प्रारंभ होगी। इसके बाद यह यात्रा इंदिरा नगर चौक, बासपाई पारा, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन और गोल बाजार होते हुए सत्यनारायण मंदिर से महालक्ष्मी मंदिर के रास्ते हमाल पारा पहुंचेगी। जहां यात्रा का विश्राम होगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आरती उतारकर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा।

### उज्जैन की तर्ज पर निकलेगी यात्रा, पारंपरिक वाद्ययंत्र गुंजायमान

महाकाल पालकी यात्रा के प्रमुख पवन डागा ने बताया कि धार्मिक मर्यादा और अनुशासन



**शिवभक्ति, भजन-कीर्तन और पारंपरिक प्रस्तुतियों से शिवमय होगी संस्कारधानी**

को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी यात्रा में डीजे का उपयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी गई है तथा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला गेड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से सनातन परंपराओं के अनुरूप वेशभूषा धारण करने का आग्रह किया गया है। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह जलपान, शीतल पेय, प्रसाद वितरण और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है।

आयोजकों ने बताया कि उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर निकाली जाने वाली यह पालकी यात्रा अब राजनांदगांव की विशिष्ट पहचान बन चुकी है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया द्वारा दी गई है।

### मंदिरों में रहेगा शिव भक्ति का माहौल

आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शहर के मंदिरों शिवालयों में शिव भक्ति का माहौल बना रहेगा। विशेष कर क्वारी कन्याऐ योग्य वर की प्राप्ति के लिए भगवान भोलेनाथ का पूरे भक्ति भाव से पूजन करेगी। वहीं महिलाएं भी अपने सुख सौभाग्य की सलामती व घर परिवार की खुशहाली के लिए भगवान भोलेनाथ को बेल पत्र, घतुरा फल कनेर पुष्प व दूध जल चढ़ाकर पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजन करेगी। इधर पुरुषजन भी व्रत आराधना पूजा उपवास कर भगवान भोलेनाथ की पूंजा में निमग्न रहेंगे। शहर के पारा मुहल्लों में स्थित शिव मंदिरों के अलावा राम दरबार मंदिर, मिथिला धाम मंदिर, रेवाडीह स्थित पाताल फोड़ निकले शिव मंदिर, पाताल भैरवी के बारह ज्योतिर्लिंगों मंदिर, गठुला भाठागांव स्थान भुईफोर उपजे स्वयंभू शिव लिंगेश्वर मंदिर, सहित अन्यान्य मंदिरों में आज भगवान शिव पूजन व भक्ति के लिए भक्तों का तांता रहेगा।

# पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की निष्क्रियता से अटकी रही डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन : भाजपा



**300 करोड़ का बजट देकर योजना को पुनर्जीवित करने पर पीएम मोदी, सीएम साय व सांसदों का आभार : कोमल सिंह राजपूत**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने डोंगरगढ़ से कवर्धा होते हुए कटघोरा तक प्रस्तावित नई रेलवे लाइन के पुनर्जीवन एवं त्वरित क्रियान्वयन के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, सांसद संतोष पांडे तथा केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का आभार व्यक्त किया है। कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सितंबर 2018 में तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह के पुरजोर प्रयासों से तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में इस रेल लाइन की घोषणा हुई थी तथा कवर्धा में इसका विधिवत भूमिपूजन किया गया था।

### कांग्रेस शासनकाल में 5 वर्षों तक ठंडे बस्ते में रही योजना

भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 2018 के अंत में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के मूल रेल पथ (कवर्धा रूट) में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसे रेलवे बोर्ड ने अमान्य कर दिया। इसके बाद तत्कालीन राज्य सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रारंभिक बजटीय प्रक्रिया के बावजूद 5 वर्षों तक राज्य सरकार की ओर से कोई सहयोग या राशि प्रदान नहीं की गई।

### भाजपा सरकार आते ही 300 करोड़ का प्रावधान, मिली नई गति

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि 2023 में प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस योजना को पुनर्जीवित करते हुए 300 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया। इसके साथ ही राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे और बिलासपुर सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने संसद से लेकर रेल मंत्रालय तक सक्रिय पहल की। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सहयोग से सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर बंद पड़ी इस परियोजना को पुनः धरातल पर उतारने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक सौगात और क्षेत्रवासियों के सपने को साकार करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार सहित सभी जनप्रतिनिधियों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में शहर की वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने रचा इतिहास, भारत को दिलाया रजत पदक

राजनांदगांव (दावा)। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में संस्कारधानी की प्रतिभावान वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिलाओं की 53 किग्रा भारवर्ग स्पर्धा में कुल 199 किग्रा (स्नैच में 88 किग्रा एवं क्लीन एंड जर्क में 111 किग्रा) वजन उठाकर भारत को शानदार रजत पदक दिलाया। ज्ञानेश्वरी छत्तीसगढ़ पुलिस में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। यह पद उन्हें वर्ष 2022 में ग्रीस में आयोजित जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने पर तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया गया था, साथ ही उनके कोच अजय लोहार को 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई थी।

### जय भवानी व्यायामशाला से शुरू हुआ था सफर

जय भवानी व्यायामशाला के संरक्षक अजय श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि ज्ञानेश्वरी यादव ने वेटलिफ्टिंग की अपनी शुरुआती ट्रेनिंग राजनांदगांव स्थित जय भवानी व्यायामशाला से ली है। पूर्व में मोहारा (भोडिया) की निवासी रहीं ज्ञानेश्वरी वर्तमान में कौरिनभाठा में निवासरत हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से संपूर्ण



**कल राजनांदगांव आगमन पर निकलेगी भव्य बाइक रैली, गौरवपथ ऑडिटोरियम में होगा नागरिक सम्मान**

छत्तीसगढ़ और जिला गौरवान्वित हुआ है।

### कल शहर आगमन पर भव्य स्वागत व बाइक रैली

ज्ञानेश्वरी यादव के 4 अगस्त को प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं। जिले के सभी खेल संघों, खेल प्रेमियों और सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली गायत्री मंदिर चौक (दिल्ली दरवाजा) से प्रारंभ होकर कामठी लाइन, भारत माता चौक, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए जय भवानी व्यायामशाला पहुंचेगी। जहां विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात रैली गांधी चौक, दुर्गा चौक, इंदिरा नगर चौक और गौरवपथ मार्ग से होते हुए गौरवपथ ऑडिटोरियम पहुंचेगी।

### ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह

ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे नगर पालिक निगम राजनांदगांव, जय भवानी व्यायामशाला एवं जिला वेटलिफ्टिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने शहर की सभी सामाजिक, खेल, महिला संस्थाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बिटिया ज्ञानेश्वरी और उनके कोच का उत्साहवर्धन करें, ताकि वे आगामी ओलंपिक खेलों में भी भारत का नाम रोशन कर सकें। यह जानकारी जिला वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव अशोक श्रीवास द्वारा दी गई।

# श्रीदासी श्याम दरबार में गूंजे गुरु भजन, गुरुपूर्णिमा पर भव्य श्रृंगार और संकीर्तन का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। गुरूपूर्णिमा पर्व पर संस्कारधानी शहर के श्रीश्यामकुटी परिवार के समस्त उपस्थित श्रद्धालु, भक्तजन, सेवकगण एवं शिष्यों ने बड़े उमंग, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ गुरूपूर्णिमा का त्यौहार मनाया। सुबह श्री दासी श्याम दरबार के मंदिर में प्रभु आरती के पश्चात गुरू वंदना, गुरू भजन, गुरू अरदास कर अपनी प्यारी श्रीसद्गुरूमां को रिझाते एवं मनाते रहे तत्पश्चात श्रीसद्गुरूमां के चरण वंदना कर गुरू पदुका का पूजन एवं पाव पखार कर आरती की गई। उपस्थित शिष्यों ने अपने अपने परिवार के साथ गुरू पदुका पूजन कर, चंदन का टीका लगाकर अपनी-अपनी अर्जियों के साथ अपनी सेवा अर्पित की गई।

सुबह एवं दोपहर को प्रसादी लेने के पश्चात आपस में मिल बैठकर गुरू चर्चा तथा उनके साथ अपने बीताये क्षणों को याद कर रोमांचित हो रहे थे तथा अपनी गुरूमां के प्रति समर्पण, श्रद्धा व प्रेम अर्पित कर रहे थे। श्री श्यामकुटी परिवार में दिन भर गुरूपूर्णिमा पर अपार उत्साह बना हुआ था तथा शाम 5 से 7 बजे तक गुरू संकिर्तन तथा धुन लगाई गई। शाम को श्री दासीश्याम अमृतवाणी का पाठ किया गया तथा गुरूपूर्णिमा में आये स्थानीय शहरी भक्तजन तथा बाहर से आये भक्तजन 30 अगस्त से 1 सितंबर में तीन द्विवसीय श्रीदासी श्याम प्रभु की जयंती की तैयारी तथा अपने गुरू दरबार में फिर से आने को लेकर बड़े खुश देखे गये। श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा अपने श्रीगुरूमां की व्यासपीठ को पूरा फूलों एवं लाईट से बड़ा प्यारा श्रृंगार करवाया गया था तथा ऊपर श्रीश्याम मंदिर को भी फूलों एवं लाईट से सजाया गया था। यहां गुरूपूर्णिमा का पर्व बड़े प्रेम से श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

# पुलिस 3 घंटे में सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी : आरोपी देवर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्रंतर्गत तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी ने क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को महज 3 घंटे के भीतर सुलझाने में सफलता हासिल की है। भाभी की हत्या करने वाले कामचोर देवर को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि फॉरेंसिक टीम के वैज्ञानिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की पुष्टि होते ही आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

### कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था महिला का शव

चौकी प्रभारी नारंगे के अनुसार बीते 31 जुलाई को ग्राम पेंडरवानी निवासी तामेश्वरी साहू (28 वर्ष) पति जयपाल साहू का शव उसके घर के कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला था। परिजन उसे तत्काल शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम



**कामचोर देवर ने अपनी भाभी का साड़ी से घोंटा था गला**

कर वरिष्ठ अधिकारियों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद डॉक्टरों की टीम से कराए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में महिला की मृत्यु गला घोंटने से दम घुटने के कारण होना पाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ शुरू की। मृतका का देवर देवेंद्र साहू (32 वर्ष) लगातार पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन पुलिस की सख्त पूछताछ और फॉरेंसिक साक्ष्यों के सामने आते ही वह टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### बैठकर खाता है कहने पर गुस्से में की हत्या

आरोपी देवेंद्र साहू ने बताया कि वह कोई काम-धाम नहीं करता था। घटना के दिन उसकी भाभी तामेश्वरी साहू ने उसे 'काम-धाम नहीं करते, घर में बैठे-बैठे खाते हो' कहकर ताना मारा। इस बात से वह आपे से बाहर हो गया और गुस्से में आकर भाभी की ही साड़ी से उसका गला घोंटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी देवेंद्र साहू पिता गणेश राम साहू के खिलाफ चौकी तुमड़ीबोड़ में अपराध क्रमांक 334/26, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com